


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 41 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 24 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## कैंप क्षेत्र में डायरिया का वार : दो मौतों के बाद होश में आया निगम प्रशासन

### कलेक्टर व आयुक्त के साथ महापौर ने देखी वार्डों में सफाई की बदहाली, शुरू किया अभियान





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई की खस्ताहाल व्यवस्था का अंदाजा कैंप क्षेत्र में फैले डायरिया सं लगाया जा सकता है। डायरिया से लोगों की मौतें हो रही हैं और निगम के जिम्मेदार आखों में काली पट्टी बांध कर देख रहे हैं। दो मौतों के बाद निगम को नालियों की सफाई का खयाल आया। प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम ने सफाई का दिखावा भी शुरु कर दिया है। दो मौतों की सूचना के बाद एक दिन पहले निगम के महापौर नीरज पाल आयुक्त व कलेक्टर के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने भी पहुंचे लेकिन डायरिया की रोकथाम के लिए निगम का कोई कारगर प्लान नहीं बता पाए।

भिलाई के डायरिया प्रभावित वृंदानगर, जेपी नगर, संतोषी पारा में निगम का सफाई अभियान गुरुवार सुबह से शुरू किया गया। है। वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल है और डायरिया से निपटने के लिए निगम अनाउंस करा रही है। नालियों के साथ बिछी पाइपलाइन से पानी की सप्लाई हो रही है और लोगों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। दरअसल भिलाई निगम कार्यों को लेकर जो सौतेला व्यवहार है वह निगम के पटरीपार क्षेत्र में दिखता है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया कॉम्बैट टीम का गठन

भिलाई निगम के एमआईसी में स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू शहर की गंदगी दूर करने के लिए प्रतिबद्ध दिख रहे हैं। डायरिया के मामले सामने आने के बाद लक्ष्मीपति राजू ने सभी प्रभावित क्षेत्र में कोने-कोने की सफाई का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित क्षेत्रों में स्क्रीनिंग करने के लिए सुपरवाईजर, मितानिन व कॉम्बैट टीम का गठन कर किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के आसपास के अस्पतालों को भी संक्रमण के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी गई है ताकि वहां प्रबंधन आने वाले मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध करा सकें। वहीं डायरिया प्रभावित क्षेत्र में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग मिलकर संक्रमित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर रहे हैं ताकि इसके रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकें।

## खास खबर...




### महादेव ऐप आईडी के सटारियों के 90 खाते फ्रीज, अब तक 12 पैनल पर हो चुकी है कार्रवाई

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस की महादेव ऐप आईडी के माध्यम से सट्टा खिलाने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुर्ग पुलिस ने अब तक इस ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के 90 खातों को फ्रीज कर दिया है। साथ ही अन्य खातों की जानकारी भी जुटाई जा रही है जिसे फ्रीज करने की तैयारी है। पूरे प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप आईडी, रेड्?डी अन्ना, अंबानी व बीबीसी के पैनल दुर्ग पुलिस ने सबसे ज्यादा कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस ने अब तक ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप आईडी, रेड्?डी अन्ना, अंबानी व बीबीसी के 12 पैनल को ध्वस्त किया है। इसमें सबसे ज्यादा 8 महादेव ऐप आईडी के मामले हैं। इसके बाद दो रेड्?डी अन्ना और अंबानी व बीबीसी के एक-एक पैनल शामिल हैं। इन 12 पैनलों पर कार्रवाई में पुलिस ने अब तक 71 सटोरियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 39 लैपटॉप व 160 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इसके साथ ही सभी के लगभग 90 अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। अभी कुछ की बैंक डिटेल पुलिस को नहीं मिली है इनकी डिटेल सामने आने के बाद इन खातों को भी सीन करने की तैयारी है।

## पार्सल बोगी में आग का मामला, रेलवे एसपी ने दिए जांच के आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन पर एलटीटी भुवनेश्वर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की पार्सल बोगी में केमिकल बॉक्स में आग मामले में स्क्र रेलवे धर्मेंद्र सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में जीआरपी थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। केमिकल सैम्पल को जीआरपी की स्नस्रु जांच के लिए भेजेगी।

ट्रेन मे ज्वलनशील पदार्थ ले जाना और भेजना प्रतिबंधित होने के बाद भी कैसे आग लगी इसकी जांच की जा रही है। बता दें कल रात रायपुर स्टेशन पर पहुंचते ही एलटीटी भुवनेश्वर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पार्सल बोगी से धुंआ उठता दिख जिसे समय रहते काबू पाया गया। रेलवे की सतर्कता से बड़ा हादसा टला। वहीं अब इस मामले की जांच के आदेश एसपी ने दिए हैं।

## स्मृति नगर के होटल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में कड़ाके की ठंड के बीच स्मृति नगर में गुरुवार अल सुबह एक होटल में भयानक आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम तड़के 3:30 बजे के आसपास मौके पर पहुंची। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशका जताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार स्मृति नगर स्थित जायका बेकरी के पास एक होटल में आग लग गई। देर रात को होटल को बंद कर इसके संचालक व कर्मचारी चले गए। इसके बाद इसमें अचानक आग लग गई। धीरे धीरे आग फैलने लगी। आसपास के दुकानों में आग फैलने का डर था। मौके से दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल विभाग के कर्मी अलग सुबह पहुंचे और आग पर काबू पाया। लगभग डेढ़ घंटे का समय दमकल विभाग को लगा। इस बीच होटल का सारा सामान चल चुका था। दमकल विभाग के प्रयास से आग दूसरी दुकानों तक नहीं पहुंच पाई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### प्रगति नगर में पेड़ पर लगी आग

बीती रात एक अन्य मामले में रिसाली प्रगति नगर के एक पेड़ में आग लग गई। सूचना के बाद यहां भी दमकल विभाग के कर्मी पहुंचे और पेड़ की आग को बुझाया। पेड़ पर आग कैसे लगी इसका कारण भी अज्ञात है। दोनों घटनाओं में आग पर का पाने जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के साथ अग्निशमन कर्मी धनु राम यादव, संतोष मढरिया, मोहन राव, नरोत्तम टंडन, जागेंद्र मारकंडे, फायर वायरलेस ऑपरेटर नरोत्तम साहु की सराहनीय भूमिका रही।

## अग्नि-3 का सफल परीक्षण, ताकत ऐसी की जहां भी गिरे सबकुछ कर दे नेस्तनाबूद




**भुवनेश्वर** (एजेंसी)। भारत ने अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। गुरुवार को ओडिशा के अब्दुल कलाम व्हीलर आईलैंड पर अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल को सेना में शामिल किए हुए 11 साल हो चुके हैं। यह एक इंटरमीडिएट-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है जो परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। खासबात यह है कि चीन की राजधानी तक यह 13 मिनट में और पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद तक ढाई मिनट तक पहुंच कर तबाही मचा सकती है।

अग्नि-3 की मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत उसकी शानदार गति है। मिसाइल की रेंज 3 से 5 हजार किलोमीटर बताई जा रही है। 3 से 5 हजार किलोमीटर की रेंज यानी चीन का बहुत बड़ा हिस्सा, पूरा पाकिस्तान, पूरा अफगानिस्तान, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, अरब देश, इंडोनेशिया, म्यांमार जैसे कई देश इसकी रेंज में हैं। यानी भारत अपनी चारों दिशाओं में अपनी सुरक्षा के लिए इस मिसाइल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

17 मीटर लंबी इस मिसाइल का वजन 50 हजार किलोग्राम है। अग्नि-3 मिसाइल बनाने में 25 से 35 करोड़ रुपए की लागत आती है। अग्नि-3 मिसाइल अपने टारगेट से अगर 40 मीटर यानी 130 फीट दूर भी गिरती है, तो तबाही 100 फीसदी पक्की है. इसे सर्कुलर एरर प्रोबेबल (सीईपी) कहते हैं। यह मिसाइल आसमान में अधिकतम 450 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। यानी दुश्मन के सैटेलाइट्स को मारने की क्षमता भी इसमें है।

### उड़ान के बीच रास्ता बदलने की क्षमता

अग्नि-3 मिसाइल में रिंग लेजर गाइरोस्कोप इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम लगा है। यानी यह मिसाइल उड़ते समय बीच में रास्ता बदल सकती है. उड़ते समय ही यह इंफ्रारेड होमिंग, राडार सीन कोरिलेशन और एक्टवि राडार होमिंग की मदद से दुश्मन पर हमला करती है। यानी दुश्मन कितना भी भागने की कोशिश करे लेकिन उसकी मौत पक्की है। अग्नि मिसाइल की एक और खासबात यह है कि इस पर 2490 किलोग्राम वजनी हथियार तैनात किया जा सकता है। इससे पहले साल 2013, 2015, 2017 में भी इसके सफल परीक्षण हो चुके हैं।

## वैवाहिक फिजूलखर्ची पर विराम का संकल्प

श्रीकंचनपथ




भारतीय समाज पूजा-पाठ से लेकर शादियों तक पर जमकर फिजूलखर्ची करता है. दो-चार दिन के आयोजन पर साधारण परिवार भी लाखों रुपए खर्च कर देते हैं. कई मामलों में यह रकम उधार लेकर उड़ाई जाती है. शादियों के लिए तो बैंक भी कर्ज देते हैं. परिवारों को इस कर्ज से बचाने के लिए एक तरफजहां विभिन्न समाजों ने सामूहिक विवाह की पहल की है वहीं गायत्री परिवार भी सामूहिक विवाहों को प्रोत्साहन देता है. कुछ राज्य सरकारें भी सामूहिक विवाहों का आयोजन करती हैं और वर-वधु को कुछ राशि के साथ नया घर बसाने के लिए आवश्यक वस्तुओं का उपहार भी देती है. पर दिल है कि मानता नहीं. शादी कौन सी बार-बार होनी है. शादी को यादगार बनाना तो बनता है. हिन्दी फिल्मों और टेलीविजन सीरियलों ने वैवाहिक संस्कारों का ऐसा खाका खींचा है कि मूल संस्कारों की बजाय आडम्बर ही प्रधान हो गया है. 50-60 साल पहले तक वर-वधु की शुभदृष्टि होती थी. कन्या पान के पत्ते से चेहरा ढंक कर आती थी और मंडप में ही दूल्हा पहली बार उसका चेहरा देखता था. आधुनिक समाज इससे काफी आगे निकल चुका है. यह रस्म आज भी है पर इससे पहले ही जबरदस्त प्री-वेडिंग फोटोशूट हो जाती है. यह कोई मामूली फोटोग्राफी नहीं होती. इसका भी लाखों का पैकेज होता है. इसके लिए शूटिंग डेस्टिनेशन और लोकेशन होते हैं. एक पूरी फिल्म बनती है. इसमें स्क्रिप्ट भी होता है. वर-वधु इस फिल्म के हीरो-हिराइन होते हैं. कुछ लोग इससे भी आगे निकल चुके हैं. शादी के पंडाल में ही एक विशाल डिजिटल स्क्रीन लगा होता है. इस पर प्री वेडिंग शूट का वीडियो और स्टिल्स चल रहा होता है. यहां तक तो फिर भी ठीक है. आप अपने पैसे उड़ाओ, इसमें किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? पर जब आपका शौक किसी और की मुसीबत बन जाए तो यह अपराध की श्रेणी में भी आ जाता है. गली मोहल्लों में जमकर आतिशबाजी करते हुए, धुमाल और डीजे के साथ जब बारात निकलती है तो लोगों का जीवन नर्क हो जाता है. फोन पर लगे लोग तो गालियां बकते ही हैं, बीमार लोग भी अपने बिस्तरों पर फड़फड़ाने लगते हैं. सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है. सादा जीवन, बचत और निवेश के लिए जाना जाने वाला जैन समाज यहां भी आगे आया है. कमोबेश जैन समाज एक सम्पन्न समाज है. कैटरिंग, टेंट हाउस, मैरिज पैलेस, वेडिंग कलेक्शन जैसे बिजनेस का एक बड़ा हिस्सा इनके ही हाथों में है. ये चाहें तो करोड़ों रुपए का आयोजन लाखों में कर सकते हैं. पर यह समाज फिजूलखर्ची और निवेश में फर्क समझता है. समाज ने वैवाहिक आयोजनों की फिजूलखर्ची पर विराम लगाने का फैसला किया है. लगभग दो दशक पहले सिख समाज ने भी रात की पार्टियों और शराब पर रोक लगाई थी. डीजे शांत होगा, तभी तो शहनाई की गूंज और ब्रास बैंड के गीत सुनाई देंगे.

## स्कूल से लापता 4 छात्राएं तमिलनाडु के ईंट भट्टे में मजदूरी करते मिली, जब टीम ने दी दस्तक तो छुड़ाकर लाए 16 नाबालिगों को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के आश्रम शालाओं से लापता हुए चार छात्राओं की तलाश में निकली जिला प्रशासन की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम जब छात्राओं का लोकेशन तलाशते हुए तमिलनाडु पहुंची तो वहां ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य कर रहे छत्तीसगढ़ के 16 नाबालिगों को भी छुड़ाकर साथ ले आई। इनमें नारायणपुर सहित अन्य जिले की 12 लड़कियां और 4 लड़के शामिल है। जानकारी के अनुसार जिले के ओरछा ब्लॉक में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं आदर्श कन्या शिक्षा परिसर की 4 छात्राएं अचानक 13 नवम्बर को लापता हो गई थी।

### थाने में कराई थी परिजनों ने रिपोर्ट

इन छात्राओं लापता होने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने 2 दिन बाद ओरछा थाने में छात्राओं के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इससे पुलिस छात्राओं की खोजबीन में जुट गई। इस खोजबीन के दौरान छात्राओं के तमिलनाडु में होने की सूचना मिल गई थी। इससे कलेक्टर ने 8 सदस्यीय 2 टीम का गठन कर इनको तमिलनाडु के लिए रवाना किया था। इससे जिला प्रशासन की टीम ने तमिलनाडु के करूर जिले के ईट भट्ठे में दस्तक दी थी। इस ईट भट्ठे में ओरछा की 4 छात्राएं मजदूरी का कार्य कर रही थी। इन छात्राओं के साथ अन्य नाबालिग भी मजदूरी का कार्य कर रहे थे।



## संपादकीय

### जरूरी चुनाव सुधार

चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर अगर देश के सर्वोच्च न्यायालय की निगाह गई है, तो यह सुखद और स्वागतयोग्य है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के क्रियाकलापों पर बड़े सवाल उठाए हैं, जिन पर आने वाले दिनों में चर्चा बढ़ना तय है। सर्वोच्च न्यायालय की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगता है कि न्यायालय ने केंद्र सरकार से चुनाव आयोग में अरुण गोयल की नियुक्ति के दस्तावेज पेश करने को कहा है। मंगलवार को न्यायालय ने दोटूक कहा कि एक के बाद एक सरकारों ने भारत के चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया है। 1996 से किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनाव आयोग के प्रमुख के रूप में पूरे छह साल का कार्यकाल नहीं मिला है। लगे हाथ, पांच न्यायमूर्तियों की संविधान पीठ ने खेद जताया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए यथोचित कानून के अभाव में एक खतरनाक प्रवृत्ति सामने आई है। यह अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने किसी एक राजनीतिक दल को निशाना नहीं बनाया है। चुनाव आयुक्तों को चुनने संबंधी सवाल पर संविधान की चुप्पी का सभी राजनीतिक दलों ने सत्ता में रहते हुए लाभ उठाया है। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अगुवाई वाली पीठ ने बहुत विस्तार से चुनाव आयोग की परेशानियों को देखा है। टी एन शेषन 1990 और 1996 के बीच छह साल मुख्य चुनाव आयुक्त रहे थे। उसके बाद गिरावट तब शुरू हुई, जब किसी भी चुनाव आयुक्त को पूर्ण कार्यकाल नहीं दिया गया। सरकार को अच्छे से पता है कि वह क्या कर रही है, जब वह किसी को नियुक्त करती है, तब उसे पता रहता है कि नियुक्त होने वाले की जन्मतिथि क्या है? सरकार अगर चाहे, तो आसानी से किसी ऐसे आयुक्त को नियुक्त कर सकती है, जो पूरे छह साल तक आयोग में सेवा देने में सक्षम हो, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यह सहज आकलन है कि टी एन शेषन को पूरा समय मिला था, इसलिए वह बेहतर काम कर पाए, लेकिन उनके रहते ही चुनाव आयोग की रूपरेखा को बदल दिया गया था। चौकस मुख्य चुनाव आयुक्त से परेशान होने के बाद तमाम राजनीतिक दल अपेक्षाकृत कमजोर चुनाव आयोग के पक्षधर थे। सत्ता से तालमेल बिठाकर चलना एक तरह से आयोग की मजबूरी लगती है। आलोचना करते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने जैसी शालीनता का परिचय दिया है, वह काबिले तारीफहै। पीठ का इशारा देखिए, हम ऐसा नहीं कह रहे हैं, लेकिन ऐसा लग रहा है। इस स्वस्थ आलोचना को सही रूप में ग्रहण करना चुनाव आयोग और लोकतंत्र, दोनों के लिए बहुत जरूरी है। हालांकि, इसके पीछे दूसरी राजनीति खोजने-बताने वाले भी कम नहीं हैं। पिछले दिनों न्यायाधीशों की नियुक्ति पर एक मंत्री ने शीर्ष अदालत के मॉडल की आलोचना की थी। लोग यही चाहेंगे कि चुनाव आयोग में सुधार का कोई भी प्रयास न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच विवाद की वजह बनकर न रह जाए। सर्वोच्च न्यायालय में उठे मुद्दों का समाधान आवश्यक है, राजनीति को अगर मौका दिया जाएगा, तो सुधार की कोई भी कोशिश ठिकाने लग जाएगी। हमारे लोकतंत्र व सांविधानिक संस्थाओं में जो कमियां आ गई हैं, उन पर चर्चा और समाधान से हम मुंह नहीं चुरा सकते। संविधान अपेक्षा करता है कि सभी सांविधानिक संस्थाएं या स्तंभ एक-दूसरे को सुधारें और सही संचालन की राह पर चलें। चुनाव आयुक्त ही नहीं, सभी सांविधानिक पदों पर किसी भी नियुक्ति के लिए तटस्थ और योग्य चयन समिति समय की मांग है।

> “ सरकार अगर चाहे, तो आसानी से किसी ऐसे आयुक्त को नियुक्त कर सकती है, जो पूरे छह साल तक आयोग में सेवा देने में सक्षम हो, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यह सहज आकलन है कि टी एन शेषन को पूरा समय मिला था, इसलिए वह बेहतर काम कर पाए, लेकिन उनके रहते ही चुनाव आयोग की रूपरेखा को बदल दिया गया था। चौकस मुख्य चुनाव आयुक्त से परेशान होने के बाद तमाम राजनीतिक दल अपेक्षाकृत कमजोर चुनाव आयोग के पक्षधर थे। सत्ता से तालमेल बिठाकर चलना एक तरह से आयोग की मजबूरी लगती है।

> “ सीमा को लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों के बीच होने वाली हिंसा के कारण विकास योजनाओं के साथ लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। केंद्र को सीमा-समाधान में निर्णायक हस्तक्षेप करना चाहिए।

# ताकि 'सात बहनें' आपस में न लड़ें

प्रभाकर मणि तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार



पूर्वोत्तर के राज्य असम और मेघालय के बीच हुई हिंसक झड़प में छह लोगों की मौत का कारण बेशक लकड़ी तस्करी से उपजे विवाद को बताया जा रहा हो, लेकिन इसके मूल में बीते पांच दशकों से दोनों राज्यों के बीच जारी सीमा विवाद ही है। यदि ऐसा नहीं होता, तो असम सरकार इस मामले में आनन-फानन कार्रवाई करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को निलंबित कर सीबीआई जांच की हामी नहीं भरती। अभी इसी साल असम और मेघालय सरकार ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए 12 विवादित इलाकों में से छह के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मगर उन इलाकों में रहने वाले लोगों को यह समझौता मंजूर नहीं। ताजा हिंसा की जड़ें भी इसी मतभेद में छिपी हैं।

वैसे तो 'सेवेन सिस्टर्स' कहलाने वाले पूर्वोत्तर के राज्यों का सीमा विवाद बहुत पुराना है, लेकिन हाल में इस वजह से उनके बीच हिंसक झड़पें तेजी से बढ़ी हैं। इसकी वजहों को समझने के लिए अतीत में झांकना जरूरी है। दरअसल, जब असम से काटकर मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर जैसे राज्यों का गठन किया गया था, तब इस इलाके में आबादी बहुत कम थी और सीमावर्ती इलाके घने जंगलों से घिरे थे। मगर आबादी के बढ़ते दबाव की वजह से लोगों की जरूरतों के हिसाब से जब जगह कम पड़ने लगी, तो जमीन का मुद्दा उठने लगा। इसे शुरुआती दौर में ही सुलझाया जा सकता था, पर तब केंद्र और राज्यों की सरकारें इस ओर से आंखें मूंदे रहीं। इसी विवाद के चलते बीते साल मिजोरम पुलिस के हाथों असम पुलिस के छह जवानों की मौत हो गई थी।

प्रशासनिक सहूलियत के लिए असम से काटकर नए राज्यों के गठन का सिलसिला वर्ष 1962 के बाद शुरू हुआ था, लेकिन तब सीमाओं का सही तरीके से निर्धारण नहीं किया गया था। असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच सीमा पर सबसे पहले वर्ष 1992 में हिंसक झड़प हुई थी। इन दोनों राज्यों की सीमा 804.1 किलोमीटर लंबी है। कबीलाई मानसिकता से प्रभावित पक्ष एक-दूसरे पर अतिक्रमण और हिंसा भड़काने के आरोप लगाते रहते हैं। पहले जिस इलाके को असम के लुसाई हिल्स जिले के नाम से जाना जाता था, उसे 1972 में पहले केंद्रशासित क्षेत्र और फिर 1987 में पूर्ण राज्य मिजोरम का दर्जा दिया गया। दक्षिण असम के साथ मिजोरम की करीब 165 किलोमीटर लंबी सीमा सटी है। मिजोरम का दावा है कि उसके लगभग 509 वर्गमील इलाके पर असम का अवैध कब्जा है।

वर्ष 1993 में असम और मणिपुर सरकार ने लुसाई हिल्स व मणिपुर राज्य के बीच के इलाकों की सीमा का निर्धारण कर दिया था, लेकिन मिजोरम की दलील है कि यह सीमांकन वर्ष 1875 की अधिसूचना पर आधारित होना चाहिए। नेताओं का कहना है कि 1933 में मिजो समुदाय से सलाह नहीं ली गई थी, इसलिए इस अधिसूचना के तहत निर्धारित सीमा वैध नहीं है। उधर, असम सरकार 1933 की अधिसूचना के आधार पर ही सीमाएं तय करने के पक्ष में है।

सीमा विवाद के मुद्दे पर असम और नगालैंड में भी अक्सर हिंसा होती रही है। इन दोनों राज्यों के बीच 434 किलोमीटर लंबी सीमा है। वर्ष 1979, 1985, 1989, 2007 और 2014 में विभिन्न घटनाओं में नगालैंड से सशस्त्र बलों के हमलों में कई लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से ज्यादातर असम के थे। केंद्र ने असम-नगालैंड सीमा विवाद सुलझाने के लिए अगस्त 1971 में विधि आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष के वी के सुंदरम को नियुक्त किया था। सुंदरम ने सीमा का संयुक्त सर्वेक्षण करने का सुझाव दिया था। मगर नगालैंड इस पर सहमत नहीं हुआ। असम सरकार ने वर्ष 1988 में सर्वोच्च न्यायालय में इस सीमा विवाद को लेकर एक याचिका दायर की थी। उसकी मांग थी कि शीर्ष अदालत उसे सभी अतिक्रमित क्षेत्रों का असली मालिक घोषित करे और नगालैंड को उन क्षेत्रों का शांतिपूर्ण नियंत्रण सौंपने का निर्देश दे। यह मामला अभी तक अदालत में लंबित है। इस इलाके की भौगोलिक स्थिति भी विवाद की एक प्रमुख वजह है। नदियों, पहाड़ों और घने जंगलों से घिरे होने के कारण कई इलाकों में सीमा को भौतिक रूप से चिह्नित नहीं किया जा सका है। कहा जाता है कि साल 1956 में सीमांकन की कवायद के दौरान इन विसंगतियों का समाधान नहीं किया गया। फिर, जब असम से काटकर नगालैंड (1963), मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर (1972) और अरुणाचल प्रदेश (1987) को अलग राज्य का दर्जा दिया गया, तब भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया था।

दरअसल, आजादी के बाद से ही असम, नगालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा जैसे राज्यों में उग्रवाद की समस्या ने जिस गंभीरता से सिर उठाया, उससे बाकी तमाम मुद्दे हाशिये पर चले गए। केंद्र और राज्यों का ध्यान उग्रवाद पर ही लगा रहा। हालांकि, इसमें कितनी कामयाबी मिली, इस पर सवाल हो सकते हैं, क्योंकि तमाम दावों के बावजूद इलाके में उग्रवाद का खात्मा नहीं हो सका है। केंद्र की उपेक्षा और इन राज्यों में सत्ता संभालने वाली राजनीतिक पार्टियां भी सीमा विवाद जैसे गंभीर मुद्दों को सुलझाने के बजाय अपने हितों को साधने में ही जुटी रहीं। पूर्वोत्तर में उग्रवाद अब तक तमाम राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसा कवच रहा है, जिसके पीछे सीमा विवाद और आम लोगों से जुड़ी तमाम समस्याएं छिपती रही हैं। सरकारों के इस रवैये का खामियाजा खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वालों को भुगतना पड़ता है।

इनर लाइन परमिट (आईएलपी) प्रणाली भी असम के साथ कम से कम चार राज्यों के सीमा विवाद की प्रमुख वजह है। यहां के अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर में यह लागू है। परमिट के बिना बाहर का कोई व्यक्ति इन राज्यों में नहीं पहुंच सकता, और वह परमिट में लिखी अवधि तक ही वहां रुक सकता है। मगर इन राज्यों के लोग बिना किसी रोक के असम में आवाजाही कर सकते हैं।

सीमावर्ती इलाके में अक्सर होने वाली हिंसा के कारण विकास योजनाओं के साथ आम लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। केंद्र सरकार को इस समस्या के स्वीकार्य समाधान की दिशा में ठोस पहल करते हुए सीमा-निर्धारण के लिए किसी आयोग का गठन करना चाहिए, ताकि दशकों पुराने इन विवादों को शीघ्र निपटाया जा सके। ऐसा न होने की स्थिति में सीमावर्ती इलाकों में हिंसा बार-बार सिर उठाती रहेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# विश्व शौचालय दिवस: भारत संपूर्ण स्वच्छता नीतियों को लागू करने में विश्व का कर रहा नेतृत्व

विनी महाजन, सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार

विश्व शौचालय दिवस मनाना, एक असामान्य अवसर की तरह लग सकता है, लेकिन यह बहुत से लोगों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण है। शौचालय के लिए समर्पित दिन, वैश्विक स्वच्छता संकट को रेखांकित करता है, जो सुरक्षित रूप से प्रबंधित शौचालय की सुविधा के बिना रह रहे दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रभावित करता है। स्वच्छ व सुरक्षित शौचालयों के बिना, मानव अपशिष्ट समुदायों के खाद्य और जल स्त्रोतों को प्रदूषित करते हैं, जिससे लोग बीमारी की चपेट में आ जाते हैं और कुछ मामलों में तो लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया से सबसे अधिक मौतें होती हैं। पुरुषों और महिलाओं पर समान रूप से इस व्यापक प्रथा के हानिकारक प्रभावों के बावजूद, अपर्याप्त स्वच्छता महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है तथा इसके कारण महिलाओं में शर्मिंदा होने की संभावना अधिक होती है। शौचालय सुविधाओं की कमी के कारण महिलाओं के लिए मासिक धर्म और गर्भावस्था को अकेले में प्रबंधित करना अक्सर असंभव होता है, या उन्हें ऐसा करने के लिए अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता है, जो उन्हें अनजाने हमलों के प्रति कमजोर बनाता है।

विश्व स्तर पर 3.6 बिलियन लोगों के पास स्वच्छता की सुरक्षित सुविधा नहीं है- इस तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, विश्व शौचालय दिवस, 2013 से हर साल मनाया जा रहा है। यह वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई करने और 'सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 6: 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता और जल' की उपलब्धि हासिल करने से सम्बंधित है। 2022 का अभियान 'अदृश्य को दृश्य बनाना - मेकिंग द इनविजिबल विजिबल' इस बात की पड़ताल करता है कि कैसे अपर्याप्त स्वच्छता प्रणालियां मानव अपशिष्ट को नदियों, झीलों और मिट्टी में फैलाती हैं तथा भूमिगत जल संसाधनों को प्रदूषित करतीं हैं। हालांकि, यह समस्या खुली आँखों से दिखाई नहीं देती है। यह अदृश्य है, क्योंकि यह भूमिगत होता है। यह अदृश्य है, क्योंकि यह सबसे गरीब और सबसे कमजोर समुदायों में होता है।

विश्व शौचालय दिवस 2022 की थीम इस बात को रेखांकित करती है कि 'मानव अपशिष्ट प्रदूषण से भूजल को बचाने के लिए सुरक्षित स्वच्छता महत्वपूर्ण है' क्योंकि दुनिया एसडीजी 6 - 2030 तक सभी के लिए सुरक्षित शौचालय सुनिश्चित करना - के लक्ष्य 6.2 को पूरा करने के लिए गंभीरता से काम नहीं कर रही है। संयुक्त राष्ट्र ने इस लक्ष्य को 2030 तक हासिल करने के लिए सरकारों से चार गुना तेजी से काम करने का आह्वान किया है। यह कहा जा रहा है कि भारत में नीति-निर्माताओं के रूप में, हमने स्वच्छता और भूजल के बीच संबंध और इस महत्वपूर्ण जल संसाधन की सुरक्षा की पूरी तरह से पहचान की है; इसलिए यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि भारत ने 2019 में यानि 2030 के लक्ष्य के निर्धारित समय से 11 साल पहले ही एसडीजी 6.2 का लक्ष्य हासिल कर लिया है! 11 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों (तथा 2.18 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी)) के निर्माण के साथ, भारत में प्राथमिक स्वच्छता



सुविधा (बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, जो अन्य परिवारों के साथ साझा नहीं की जाती हैं) का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत 2020 में दक्षिणपूर्व एशिया के 63 प्रतिशत की तुलना में 67 प्रतिशत था। (जैसा जल आपूर्ति, स्वच्छता और आरोग्य पर डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ के संयुक्त निगरानी कार्यक्रम (जेएमपी) में कहा गया है)। यह आंकड़ा, कोविड संकट के बावजूद और बेहतर हुआ है। केवल इतना ही नहीं, बल्कि हम शौचालय के उपयोग से आगे जाकर, व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन (विशेष रूप से मल गाद प्रबंधन (एफएसएम)) के साथ संपूर्ण स्वच्छता की ओर बढ़ रहे हैं, ताकि हमारे जल निकायों के प्रदूषण को रोका जा सके और पर्यावरण तथा लोगों की रक्षा की जा सके।

एसबीएम (जी), जो अब दूसरे चरण में है, के माध्यम से ग्रामीण भारत को ओडीएफप्लस बनाने के क्रम में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन के लिए समर्पित कार्यक्रमों को लागू किया गया है, जैसे मानव मल के सुरक्षित प्रबंधन के लिए 147 जिलों में 392 मल प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। नवाचारों के संदर्भ में, मशीनों की मदद से गाद प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डीडीडब्ल्यूएस ने स्टार्ट-अप्स को शामिल करने के दायरे का विस्तार किया। क्राउड-सोर्सिंग तकनीकों के लिए इस साल की शुरुआत में एक स्टार्ट-अप ग्रैंड चैलेंज का आयोजन किया गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की चुनौतियों के लिए स्थायी, किफायती, उपयुक्त और उत्तरदायी समाधानों का समर्थन कर सकता हो।

संपूर्ण स्वच्छता और ओडीएफ प्लस भारत की परिकल्पना की दिशा में हमारे प्रयास इस तथ्य पर आधारित हैं कि जल और स्वच्छता अवसंरचना, बहुआयामी सकारात्मक प्रभाव पैदा करती है, जिसे हितधारक को अतिरिक्त लाभ के रूप में दिखाया जा सकता है। ये बहुआयामी सकारात्मक प्रभाव, हितधारकों के लिए एसबीएम (जी) में अपना समय और ऊर्जा निवेश करने की दृष्टि से काफी आकर्षक हैं, जैसे जल जनित रोगों - डायरिया, हैजा, टाइफाइड, पेचिश और हेपेटाइटिस - से रुग्णता और मृत्यु दर में महत्वपूर्ण कमी; अधिक किफायती जल आपूर्ति; स्थानीय आर्थिक विकास में वृद्धि; भूजल प्रदूषण में कमी, पास के जलभृतों की पुनर्भरण स्थिति में सुधार और कृषि और/या औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपचारित जल का पुन: उपयोग। एक कार्यशील स्वच्छता प्रणाली के स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े लाभ स्पष्ट हैं तथा कुछ दूरगामी फायदे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, प्राथमिक स्वच्छता में निवेश किये गए प्रत्येक 1 डॉलर से, चिकित्सा लागत और उत्पादकता वृद्धि के रूप में 5 डॉलर वापस मिलते हैं। इसके अलावा, जब सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया जाता है; तो अपशिष्ट जल; समग्र कल्याण, स्वास्थ्य, जल व खाद्य सुरक्षा एवं सतत विकास में योगदान देकर कुछ आश्चर्यजनक आर्थिक लाभ प्रदान करने में सक्षम हो सकता है।

निवेश की बात पर मेरा ध्यान भारत में जल और स्वच्छता के क्षेत्र में अभिनव सार्वजनिक-निजी व्यवस्थाओं की ओर जाता है। ये सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल; समुदायों, महिलाओं और कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि सुरक्षित पेयजल और बेहतर स्वच्छता उपलब्ध करायी की जा सके तथा स्वच्छता और व्यक्तिगत कल्याण के बारे में महिलाओं को शिक्षित किया जा सके। हालांकि कॉरपोरेट और ग्रामीण डब्ल्यूएएसएच (वॉश) साझीदार फोरम के साथ हमारी 'लाइटहाउस पहल', जिसमें सभी विकास क्षेत्रों से जुड़ी संस्थाएं शामिल हैं; हम देश के सभी गांवों के लिए ओडीएफप्लस का दर्जा हासिल करने से संबंधित सभी प्रयासों को सुव्यवस्थित कर रहे हैं। जैसा कि मैं अक्सर कहती हूं, देश के वॉश लक्ष्य महत्वाकांक्षी हैं, लेकिन उन्हें हासिल करने के प्रयासों को मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त धन और सभी हितधारकों के बीच साझेदारी का समान रूप से समर्थन प्राप्त है।

मैं यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करना चाहूंगी कि हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हम देश में संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आपको भी अपना प्रयास जरूर करना चाहिए! आप इस मुद्दे के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें और अपने देश के स्वच्छता आंदोलन में योगदान देने के लिए ज्ञान का प्रसार करने और कार्रवाई करने के प्रयास में अवश्य शामिल हों।

## दिल्ली में 120000 शरणार्थी

भारत की राजधानी में शरणार्थियों की समस्या विषम होती जा रही है। दिल्ली के चीफ कमिश्नर खुर्शेद अहमद और डिप्टी कमिश्नर रन्धावा के अनुसार, दिल्ली में आए हिन्दू व मुस्लिम शरणार्थियों की संख्या 120000 तक पहुंच चुकी है। उन्हें कुछ फौजी बैरकों में आश्रय दिया जा रहा है। अधिकांश हिन्दू व सिक्ख शरणार्थी सीमा प्रान्त व पश्चिमी पंजाब से तथा 7000 से भी ज्यादा मुस्लिम शरणार्थी पास की रियासतों से यहां आए हैं। दिल्ली के चीफ कमिश्नर व डिप्टी कमिश्नर ने आज एक पत्र प्रतिनिधि को बताया अब और अधिक शरणार्थियों को दिल्ली में नहीं लिया जा सकेगा। प्रान्तीय सिविल सप्लाई के डायरेक्टर का कहना है कि पश्चिमी पंजाब से आने वाले शरणार्थियों के लिए अब अन्न का प्रबन्ध करना कठिन होगा। इस समय दिल्ली में आधे दर्जन से भी ज्यादा शरणार्थी शिविर खुल चुके हैं। उनमें एकदम असहाय नर-नारियों व बच्चों को आश्रय दिया जा रहा है। उन्हें डाक्टरों की सहायता दी जा रही है और बच्चों के लिए स्कूल खोले जा रहे हैं। ये लोग पश्चिमी पंजाब तथा सीमा-प्रांत में छोटे-छोटे जमींदार व दुकानदार थे। काबिल व्यक्तियों को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।


हिन्दू सहायता समिति की ओर से तीन सहायता शिविर खुले हुए हैं, जिनमें 3000 से भी ज्यादा शरणार्थी रह रहे हैं। मकानों की कमी के कारण कुछ आश्रितों को खेमों में रखा जा रहा है। बिड़ला बन्धुओं ने 800 खेमे दिए हैं। इन शिविरों में सब लोग मिलकर खाते हैं और काफी मिल जुलकर रहते हैं। कई शरणार्थियों को बड़ी बर्बरतापूर्ण मुसीबतों का सामना करना पड़ा। वे किंकर्तव्य विमूढ़ हो चुके हैं। पैसे वाले शरणार्थी मकानों में रहने लगे हैं। अधिकांश पंजाबियों के मकानों में पंजाबी शरणार्थी रहने लगे हैं।

पूर्वी पंजाब सरकार की दिक्कतें- पूर्वी पंजाब की सरकार को अपने जन्म के साथ ही अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अभी उसका दफ्तर शिमला ले जाया जा रहा था कि गड़बड़ शुरु हो गई और दफ्तर के कागजों से भरे 105 डिब्बों में सिर्फ आधे ही शिमला पहुंच सके। शेष का कुछ पता नहीं। नये प्रांत को 13000 पुलिसमैनों की जरूरत थी, लेकिन उसके पास 3000 पुलिसमैन थे। मुस्लिम पुलिसमैन पूर्वी पाकिस्तान छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे।

## प्रेम का गंतव्य यही

काल्पनिक-सी लगने वाली इस कथा के अर्थ गहरे हैं। अपने आप में न पुरुष संपूर्ण है और न स्त्री। अपनी रचना के बाद से ही दोनों अपने-अपने आधे हिस्से की तलाश में भटक रहे हैं। प्रेम दुनिया की सबसे खूबसूरत भावना है। दो व्यक्तित्वों के बीच एक ऐसा अदृश्य बंधन, जिसमें मुक्ति की तमाम संभावनाएं छिपी हैं। दुनिया के सभी धर्मों और संस्कृतियों, समस्त मानवीय व्यवहारों, तमाम साहित्य व कलाओं के मूल में प्रेम ही है। इसे परिभाषित करने की कोशिशें अनंत काल से होती रही हैं, पर इस विलक्षण अनुभूति को कोई भी ठीक-ठीक नहीं बांध पाया। शायद इसलिए कि प्रेम जानने की चीज नहीं, उसे जीना और महसूस करना होता है। हमारे पुराणों में एक कथा है, जो कुछ हद तक प्रेम के मर्म तक पहुंचती है। कहा गया है, सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा ने अपनी देह को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था। पहला हिस्सा 'का' हुआ और दूसरा 'या'। दोनों को मिलकर काया बनना था। पुरुष हिस्से का नाम मनु पड़ा और स्त्री हिस्से का नाम शतरूपा। उन्हीं दोनों के मेल से पृथ्वी पर मनुष्यों की उत्पत्ति हुई। काल्पनिक-सी लगने वाली इस कथा के अर्थ बहुत गहरे हैं। अपने आप में न पुरुष संपूर्ण है और न स्त्री। अपनी रचना के बाद से ही दोनों अपने-अपने आधे हिस्से की तलाश में भटक रहे हैं। टुकड़ों में उस आधे की उपलब्धि का सुख कभी प्रेम में मिलता है, कभी विपरीत लिंगी मित्रों में, कभी दांपत्य में, तो कभी कल्पना में बनी स्त्री-पुरुष छवियों में। अधूरेपन के इस शाश्वत एहसास और अपने खोए हुए हिस्से को खोज लेने की बेचैनी का नाम ही शायद प्रेम है। भारतीय संस्कृति में अर्द्धनारीश्वर की कल्पना यूं ही नहीं की गई थी।


महक सेनीटेशन



आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### छत्तीसगढ़ को एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

# मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम को मिला स्कोच अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संचालित मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम का चयन बुधवार को स्कोच अवार्ड (सिल्वर) के लिए किया गया है।



राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को यह अवार्ड नई दिल्ली में प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने पुरस्कार के लिए आयोग को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि स्कोच संस्था द्वारा नामांकन से लेकर अंतिम चरण तक लगभग 7 स्तरों पर चरणबद्ध तरीके से मूल्यांकन के बाद यह सम्मान दिया जाता है। मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम के माध्यम से आयोग ने प्रदेश के लगभग 2 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को स्कोच अवार्ड मिलने की घोषणा ऑनलाइन कार्यक्रम में की गई। इसमें देशभर से कई राज्य शामिल हुए। छत्तीसगढ़ से राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम, सदस्यगण श्रीमती पुष्पा पाटले, श्रीमती आशा संतोष यादव, श्रीमती संगीता गजभिये, सोनल कुमार गुप्ता, अगस्टीन बर्नाड और सचिव प्रतीक खरे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी सदस्यों ने अध्यक्ष श्रीमती नेताम को बधाई दी। इस पर उन्होंने अवार्ड का श्रेय आयोग के सदस्यों के परिश्रम को दिया है। उल्लेखनीय है कि आयोग के 'मोर मयारू गुरूजी' कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को बाल अधिकारों की रक्षा के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस कार्यक्रम को रोचक तरीके से डिजाईन किया गया है। इसकी अवधि मात्र 2 से 3 घण्टे ही रखी गई है, जिससे शिक्षक इसे आसानी से ग्रहण कर सकें। आयोग का यह मानना है कि एक शिक्षक और बच्चे का संबंध 5 वर्ष से 12 वर्ष तक रहता है और इस बीच शिक्षक के व्यक्तित्व का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए बाल अधिकार सहित शिक्षकों द्वारा बच्चों से वार्तालाप करते समय और पढ़ाते समय किन बातों पर जोर देना है और किन कमियों को सुधारना है, इन सभी विषयों को मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 63 करोड़ 61 लाख 21 हजार रूपए के। 22 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिनमें 46 करोड़ 88 लाख 39 हजार रूपए के 17 कार्यों का भूमिपूजन एवं 16 करोड़ 72 लाख 82 हजार रूपए के 5 कार्यों का लोकार्पण किया गया।



जिसमें कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 7 करोड़ 96 लाख 79 हजार रूपए के 3 कार्य, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के अंतर्गत 2 करोड़ 65 लाख रूपए का एक कार्य एवं कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण लोक निर्माण विभाग दुर्ग के अंतर्गत 6 करोड़ 11 लाख 3 हजार रूपए के कार्य का लोकार्पण किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव के अंतर्गत 6 करोड़ 26 लाख 55 हजार रूपए के 7 कार्य, कार्यपालन अभियंताा जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 2 करोड़ 67 लाख 25 हजार रूपए का 1 कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 15 लाख रूपए का 1 कार्य, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 14 करोड़ 4 लाख 59 हजार रूपए के 7 कार्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव के अंतर्गत 23 करोड़ 75 लाख रूपए के एक कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान भी उपस्थित थे।

## खास खबर

### धान खरीदी में हो पूरी पारदर्शिता - कलेक्टर

**जांजगीर-चाम्पा।** कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र मेऊ, रसौटा में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी में पारदर्शिता के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखने तथा किसी प्रकार के गड़बड़ी किए जाने पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही। कलेक्टर ने धान खरीदी के साथ केन्द्र में समय पर धान का उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेचे गये धान की नमी जांच करने के साथ धान बेचने आये किसानों से चर्चा करते हुए बैंक से पैसा आहरण के समय सतर्क रहने कहा। कलेक्टर ने ग्राम मेऊ में शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कुछ शिक्षकों के प्रशिक्षण में होने पर नाराजगी जतायी। कलेक्टर ने स्कूल में बिना पुस्तक देखे कविता वाचन करने पर पांचवी की छात्रा प्रक्षा और 19 का पहाड़ा सुनाने वाली एक अन्य विद्यार्थी सहित विद्यालय के शिक्षक को अध्यापन कराने पर भोजराम गुप्ता को अपना पेन देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने यहां आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए बच्चों को दी जाने वाली आहार की जानकारी ली। कलेक्टर ने खरौद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का भी निरीक्षण किया और हैण्डओवर के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिवरीनारायण में शासकीय चिकित्सालय सिविल डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश सीएमएचओ, एसडीएम को दिए। उन्होंने शिवरीनारायण जर्जर पड़े बस स्टैण्ड में लाइब्रेरी का संचालन करने हेतु नगर पंचायत शिवरीनारायण के सीएमओ आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लाइब्रेरी में वाईफाई, शौचालय, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो ताकि यहां अध्ययन करने आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं ना हो।

### धान खरीदी की समीक्षा करते हुए बारदाने की स्थिति, भुगतान की जानकारी ली

# कार्यों में पारदर्शिता हो, योजनाओं का क्रियान्वयन और कार्यों की मॉनटरिंग बारिकी से करें: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विधानसभा में भेंट-मुलाकात अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव सर्किट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान का सबसे अधिक लाभ यह होता है कि हम जनता से रूबरू होते हैं और हमें जन समस्याओं की प्रत्यक्ष एवं वास्तविक जानकारी मिलती है। इसलिए हम इसका जल्द समाधान भी कर पाते हैं। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्यान रखें कि आम जनता को अपने कार्यों के लिए भटकना न पड़े।




शासन के कार्यों में पारदर्शिता हो। सबसे ज्यादा सरोकार इस बात से है कि आम लोगों के काम हो। साथ ही वे संतुष्ट भी हों। यह तभी संभव होगा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यों का मॉनिटरिंग लगातार हो। मुख्यमंत्री ने पैरादान की सराहना करते हुए कहा कि इसे निरंतर आगे बढ़ाते रहें।

मुख्यमंत्री ने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए बारदाने की स्थिति, भुगतान की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बारदानें पर्याप्त संख्या में है और साथ ही किसानों को भुगतान भी 48 घंटे के भीतर हो रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन न्याय योजना की चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक 80 साल के बुजुर्ग हितग्राही ने मुझे बताया कि उनके खाते में राशि आयी है और इस योजना से उसे लाभ भी हुआ है। उसके चेहरे में संतोष का भाव देखकर मुझे राहत मिली। यह सुनिश्चित करें कि ऐसी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने ग्राम सुरगी में सड़कों की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि ग्रामीण सड़क बहुत अच्छी बननी चाहिए। यह सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने तेंदु पत्ता संग्राहकों को समय पर भुगतान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट सही स्थिति में होना चाहिए। यदि वह खराब हो तो उसे तत्काल सुधार करें, इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करें। बीएनसी मिल के संबंध में उन्होंने कहा कि यहां पर कुछ गतिविधि प्रारंभ करें, जूट मिल भी शुरू किया जा सकता है। इसका बेहतर से बेहतर उपयोग करें और नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन से चर्चा कर शीघ्र कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने चिटफंड कंपनियों की जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि अब तक 15 करोड़ रूपए निवेशकों को वितरित हो चुके हैं। 6 करोड़ 92 लाख रूपए शीघ्र वितरित किए जायेंगे। श्री बघेल ने ग्राम सुकुलदैहान में कैमिकल फैक्ट्री से हो रहे नुकसान की शिकायत की वस्तुस्थिति पूछी और कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा हो तो नियमानुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शैक्षिणिक सत्र पूर्ण होने में कुछ ही महीने शेष है। पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। अभिभावकों का भी सहयोग लें ताकि बच्चों की पढ़ाई पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जा सके। सामूहिक रूप से कार्य करने पर निश्चित ही परिणाम अच्छे आयेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और डोंगरगांव विधायक श्री दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और डोंगरगढ़ विधायक श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री नवाज खान मुख्यमंत्री सचिव श्री अंकित आनंद एवं सभी अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस जन संवाद केन्द्र भवन का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस जन संवाद कक्ष का उद्घाटन किया। पुलिस जन संवाद कक्ष के निर्माण होने से आम जनता से जुड़े विभिन्न विषयों पर बैठकें यहां आयोजित की जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस जन संवाद केन्द्र भवन का किया उद्घाटन उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव परिसर में पुलिस जन संवाद केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है। जिसमें महत्वपूर्ण पर्वों के अवसर पर या कानून और व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर सभी समाज प्रमुखों को आमंत्रित कर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक एवं आपराधिक प्रकरणों में पुलिस को मिली सफलता के संबंध पत्रकारवार्ता की जा सकेगी। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर भी उपस्थित थे।




# 18 वर्ष के बच्चों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रानू साहू के निर्देशन में आज विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के संबंध में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय की अध्यक्षता में सृजन सभाकक्ष में सर्व महाविद्यालय एवं विद्यालयीन प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग 18 साल की उम्र पूरी कर चुके कॉलेज छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेज सहित हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ऐसे छात्र पंजीकृत किए जाएंगे जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 साल पूरी होने जा रही है। विद्यालय के ऐसे सभी छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ा होना आवश्यक है। इसी तरह स्कूल में पढने वाले सभी विद्यार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है उनका प्राथमिकता से नाम मतदाता सूची में जोड़े। इसके लिए उनका ऑनलाईन फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन फार्म भरवाने के सबसे अहम फायदा यह होगा कि संबंधित व्यक्ति के घर उसका इपिक कार्ड बनकर पहुंचेगा। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने डीईओ को कहा कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराये कि वे रूचि लेकर इस कार्य में अपनी सहभागिता निभाये। इसके लिए वे गांव-गांव में जाकर जागरूकता अभियान चलाये, रैली निकाले एवं जन-जन तक संदेश पहुंचाये कि मतदान आवश्यक है और नये सभी नये मतदाताओं का ऑनलाईन फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। संयुक्त कलेक्टर डी.एल.रात्रे ने बताया कि अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं से जरूरी दस्तावेज जैसे-अंकसूची, आधार, माता-पिता दोनों में से किसी एक के परिचय पत्र की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज का फोटो प्राप्त कर नाम बढ़ाने के लिए निर्धारित फार्म 6 में आवेदन प्राप्त करेगा।

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रिसाली दुर्ग ( छ.ग. )

**प्रेस - विज्ञापन**

**विषय: सीमांकन बाबत् ।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तहसीलदार के आ. क्र. 1100 दिनांक 5/6/22 के पालन में ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 भूमि स्वामी श्रीमान/श्रीमति हरवंश सिंह ठाकुर आ./पति ब्रम्हान सिंह ठाकुर निवासी प्रगति नगर रिसाली द्वारा आवेदित ग्राम रिसाली स्थित भूमि खसरा नंबर 269/11, 266/11 रकबा 0.028, 0.028 हे. जिसकी सीमा उत्तर में आशा राम दक्षिण में एस.प्रसाद राव पूर्व में रास्ता तथा पश्चिम में ख.न. 268, 268 है। का सीमांकन दिनांक 29/11/22 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11 से 5 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैद्य दस्तावेज नक्शा ले आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 23.11.22

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रिसाली ( छ.ग. )**

### ग्राम सडकपरसूली स्कूल में छात्राओं को किये सायकल वितरण

**गरियाबन्द।** छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क परसुली में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत नवमी कक्ष की 47 छात्राओं को जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव के मुख्य अतिथित्य एवं ग्राम पंचायत सरपंच सुरेखा नागेश,शाला समिति,बंशी लाल साहू,पालको की उपस्तिथि में वितरण के द्वारा साइकल वितरण किया गया ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई सरस्वती साइकिल योजना के अध्ययनरत कक्षा नवमी के 47 छात्राओं को सायकल वितरण किये।







## खास खबर



### रायपुर संभागायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायपुर ( ए )।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 के दौरान दावा आपत्ति प्राप्त करने, उसका निराकरण एवम् अन्य कार्य की समीक्षा सभी मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल आब्जर्वर एवं संभागायुक्त यशवंत कुमार ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-48 तथा अमलीडीह के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बी.एल.ओ से मतदाता सूची में जोड़े जाने तथा काटे गए नाम की जानकारी ली। आयुक्त ने स्कूलों में विशेष कैंप लगाने तथा बीएलओ रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचन से संबंधित अपना सुझाव व समस्या प्रस्तुत कर सकते हैं तथा दूरभाष क्रमांक 0771-2536660 पर भी सुझाव व समस्या दर्ज करा सकते है।

### केशापुर में धान खरीदी केंद्र खुलने से ग्रामीणों में काफी उत्साह

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाभियान एक नवम्बर से प्रारंभ है। राज्य शासन द्वारा किसानों की सहूलियतों के लिए खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओ के साथ-साथ नवीन धान खरीदी केन्द्र भी प्रारंभ किए जा रहे है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले के केशापुर में नवीन धान खरीदी केन्द्र शुरू किया गया है। केशापुर में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का आभार माना है। केशापुर में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलने से आस-पास के 14 गांवों के किसानों को धान विक्रय में सहूलियत होगी।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी इस वर्ष 01 नवम्बर 2022 से शुभारंभ हो चुका है, जो 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। इस वर्ष धान एवं मक्का के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी करते हुए समर्थन मूल्य धान कॉमन 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए 2060 रूपए प्रति क्विंटल एवं मक्का का समर्थन मूल्य 2040 रूपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष लेम्प्स केशापुर में नवीन धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ किया गया है, जिसे मिलाकर अब जिले में कुल धान खरीदी केन्द्रों की संख्या 13 हो गई है। धान खरीदी केन्द्र केशापुर के अन्तर्गत लेम्प्स फरसपाल के 04 एवं लेम्प्स दन्तेवाड़ा के 10, कुल 14 ग्रामों के कृषकों को लेम्प्स केशापुर में धान विक्रय करने की सुविधा दी गई है। लेम्प्स केशापुर में नवीन धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ हो जाने से उक्त ग्रामों के कृषकों को 25 से 30 किलोमीटर दूर धान विक्रय करने जाना नहीं पड़ेगा जिससे उनके समय और परिवहन भाड़ा की बचत होगी।

# कैरियर गाइडेंस: शिक्षा, स्वास्थ्य और लाइवलीहुड के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर

### शासकीय दूधाधारी बजरंग महाविद्यालय में छात्राओं को दिया गया मार्गदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस तथा प्लेसमेंट सेल और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने छात्राओं को शिक्षा और भविष्य के नए आयामों को जानने समझने और उस ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. उषाकिरण अग्रवाल ने छात्राओं को कैरियर निर्माण में व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कैरियर काउंसिलिंग सेल की प्रभारी डॉ. वासु वर्मा ने भविष्य निर्माण में कौशल के महत्व को बताया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय शिक्षा, स्वास्थ्य और लाइवलीहुड के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में मास्टर इन डेवलपमेंट एजुकेशन, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, मास्टर इन लॉ के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों जिनकी सालाना आय दो लाख से कम है उन्हें शत प्रतिशत स्कॉलरशिप मिलती है, बच्चों को प्लेसमेंट भी दिया जाता है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से पुरुषोत्तम सिंग और तबस्सुम ने अपने फाउंडेशन में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषय में जानकारी दी एवं छात्राओं के प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौतमी भतपहरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. कल्याण रवि ,डॉ. अलका वर्मा, डॉ. रेखा दीवान, डॉ. रमा सरोजिनी, डॉ. रागिनी पांडे, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. रितु मारवाह और बड़ी संख्या में सभी संकायों की स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित थीं।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की हो रही साप्ताहिक समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशन में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी आ रही है। मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में जलजीवन मिशन के तहत धमतरी कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक ली। कलेक्टर एल्मा ने बैठक में रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना, सिंगल विलेज योजना, सोलर आधारित योजना तथा समूह जलप्रदाय योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत योजनावार एवं कार्यवार प्रगति की जानकारी लेकर सभी अप्रारम्भ योजनाओं को शीघ्र प्रारम्भ करने के साथ ही ठेकेदारों के कार्यों और नामों की सूची उपलब्ध कराने तथा कार्य में प्रगति नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी जलप्रदाय योजनाओं की पूर्णता के प्रतिशत के आधार पर समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता ने बताया कि रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजनांतर्गत 260 के लक्ष्य के विरूद्ध 18 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 242 कार्य प्रगति पर हैं। इसी प्रकार सिंगल विलेज जलप्रदाय योजनांतर्गत 363 स्वीकृत कार्यों में से 02 ग्राम के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 221 कार्य प्रगति पर हैं तथा 66 योजनाओं के निविदा आमंत्रण का कार्य प्रक्रियाधीन है। सोलर आधारित जलप्रदाय योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि 80 में से 40 योजनाएं पूर्ण हैं और शेष 40 योजनाएं प्रगति पर हैं।

इसी तरह समूह आधारित जलप्रदाय योजना के बारे में बताया कि 04 प्रस्तावित योजनाओं में से सांकरा समूह योजना और घठुला योजना का अनुमोदन सोर्स फाइंडिंग कमेटी के द्वारा किया जा चुका है जबकि रूद्री, बेलरगांव और मोहरेंगा समूह जलप्रदाय योजना शासन के समक्ष विचाराधीन है। कलेक्टर ने सभी कार्यों को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंका महोबिया, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य में हो चुकी 13.34 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

# किसानों को लगभग 2803 करोड़ रूपए का भुगतान

### सोसाटियों से मिलिंग के लिए 5.73 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में किसानों से अब तक समर्थन मूल्य पर 13.34 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी के एवज में 3 लाख 85 हजार 822 किसानों को लगभग 2803 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा धान उपार्जन की बेहतर व्यवस्था के चलते किसानों को अब धान बेचने के लिए लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। धान खरीदी के समानांतर कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी जारी है। समितियों से अब तक 5.73 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 110 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन का अनुमान है।

राज्य सरकार द्वारा धान बेचने वाले किसानों की सुविधा के लिए टोकन तुंहर हाथ एप बनाया गया है। इसके जरिए किसान ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर रहे हैं। किसानों को मेन्युअल तरीके से भी अग्रिम में टोकन दिया जा रहा है, जिसके चलते किसानों से धान उपार्जन सुगमता से हो रहा है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि 23 नवंबर को 38,498 किसानों से 1,30,098 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 23,666 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 50,283 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 7265 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अब तक 8,46,831 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किए गए हैं, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 5 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य बालो बघेल ने किया कार्यभार ग्रहण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के लिए 5 सदस्यों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें से मंगलवार को आयोग कार्यालय में पांचवी सदस्य बालो बघेल ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बालो बघेल को कार्यभार सौंपा। नवनियुक्त सदस्य को बस्तर संभाग के 7 जिलों की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा जिला सम्मिलित हैं।

डॉ. नायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला आयोग में बहुत ही सशक्त महिलाओं को सदस्य की जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब बस्तर से लेकर सरगुजा तक सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिला है। अब महिला आयोग की सतत् पहुंच पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने तक हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सपने के अनुरूप पूरे छत्तीसगढ़ में महिलाओं को न्याय देने, सशक्त करने तथा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मिलकर आयोग एक टीम की तरह कार्य करेगा।

नवनियुक्त सदस्य बालो बघेल ने सरकार के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला आयोग, महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के लिए बना है। पीड़ित महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार युद्ध स्तर पर जारी

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का हो रहा कायाकल्प

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार प्रदेश में सड़कों के गड्ढों की भराई एवं सड़कों के मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण से पूरे प्रदेश में अब आवागमन काफी आसान हो गया है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित एवं 05 वर्ष से अधिक पुराने सड़कों के मरम्मत कार्य हेतु 327 कि.मी. लंबाई की कुल 96 सड़कों के लिये 55.39 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्राप्त स्वीकृति पश्चात विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के सभी विकासखण्डों में सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दिया गया है। अभी तक 21 सड़कों का नवीनीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष सभी ग्रामीण सड़कों के मरम्मत का कार्य जारी है।

बिलासपुर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा बताया गया है कि शेष सभी सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण होने से क्षेत्रवासी काफी खुश हैं और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के परियोजना मण्डल बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया है कि बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा एवं गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में 1258 कि.मी. लंबाई की कुल 352 सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के लिए लगभग 160 करोड़ रु. की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# टीम वर्क के रूप में कार्य कर सूचना आयोग को सफल बनाएं: अशोक अग्रवाल

### राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल को आयोग कार्यालय में आज सेवा निवृत्ति होने पर सादे समारोह में विदाई दी गई। सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सूचना आयोग में टीमवर्क के साथ कर आयोग के कार्यों को सफल बनाएं। आयोग के सभी अधिकारी और कर्मचारी सकारात्मक सोंच से कार्य करते हुए आयोग का नाम रोशन करें।

निवृर्तमान राज्य सूचना आयुक्त अगवाल ने कहा कि आयोग में 5 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा है। आयोग में विगत पॉच वर्षों में 8506 प्रकरणों का निराकरण कर एक रिकार्ड कायम किया। उन्होंने कहा कि आयोग में संसाधनों की कमी के बाद भी कुशलता से कार्य सम्पादित किए। आयोग में ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिसके तहत आवेदन अपने घर से ऑनलाईन आवेदन कर जानकारी हासिल कर सकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि आयोग के द्वारा वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2022 तक के महत्वपूर्ण निर्णयों को संकलित कर प्रकाशन कराया गया, जो जनसूचना अधिकारियों, प्रथम अपीलीय अधिकारियों और अपीलार्थियों के लिए मार्गदर्शी साबित हो रहा है। उन्होंने सूचना आयुक्त त्रिवेदी, जायसवाल से कहा कि लंबित प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा निराकरण करने का प्रयास करें।

अधिकारी-कर्मचारियों के भविष्य निधि अंतिम भुगतान के तेजी से निराकरण पर हुई कार्यशाला

# महालेखाकार के अधिकारियों ने प्रकरणों के निराकरण के लिए दिया मार्गदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सेवा निवृत्त होने वाले वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के जीपीएफ अंतिम भुगतान की कार्यवाही को त्वरित गति से निपटाने के लिए तथा कोषालयों और महालेखाकार कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल बनाने को लेकर राजधानी रायपुर स्थित महालेखाकार कार्यालय में समस्त कोषालय अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन, प्रधान महालेखाकार तथा राज्य के कोषालय अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में राज्य शासन के सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के जीपीएफ अंतिम भुगतान को त्वरित करने हेतु निर्देश दिए गए। संचालक कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के जीपीएफ प्रकरण अनिवार्य रूप से तीन माह पूर्व महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार कार्यालय एवं कोषालयों के बीच होने वाले समव्यवहारों में आ रही कठिनाईयों एवं उसके निराकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) पीसी मांझी, प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) यशवंत कुमार, संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन नीलकंठ टेकाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से 21 नवम्बर से 25 नवम्बर 2022 तक ऑडिट सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दियों में बालों की बेहतर देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



सर्दियों में गरमागरम चाय पीने के साथ आग के पास बैठना और कंबल ओढ़ना कई लोग पसंद करते हैं, लेकिन जब आप इस मौसम में अच्छा समय बिता रहे होते हैं तो आपके बाल ठंड से प्रभावित हो रहे होते हैं। ऐसे में आप चाहें तो सर्दियों में बालों की सही देखभाल करके इन्हें नाजुक होने, टूटने और बेजान होने से बचा सकते हैं। आइए हम सर्दियों में बालों की बेहतर तरीके से देखभाल के लिए पांच टिप्स बताते हैं।

### सिर को मॉइस्चराइज रखें

सर्दियों के दौरान हवा में नमी की कमी के कारण स्कैल्प रूखी और खुजलीदार हो सकती है। इन समस्याओं से स्कैल्प को सुरक्षित रखने के लिए इसे मॉइस्चराइज रखना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आप नारियल तेल और जैतून के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये तेल सिर की गहराई में पहुंचकर इसे नमीयुक्त रखने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए हफ्ते में दो-तीन बार सिर की हल्के गरम तेल से कुछ मिनट मालिश करें।

### लगातार सिर धोने से बचें

बार-बार अपने बालों को शैंपू से धोने से उनका प्राकृतिक तेल निकल जाता है। इससे ये अधिक रूखे होने लगते हैं और बालों से जुड़ी समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे में सिर धोने के समय में थोड़ा अंतर रखें। सर्दियां हो या फिर कोई भी अन्य मौसम, हफ्ते में दो बार से ज्यादा बालों को शैंपू ना करें। बालों का प्राकृतिक नमी संतुलन बनाए रखने के लिए हमेशा सल्फेट मुक्त और हल्के शैंपू का ही उपयोग करें।

### हेयर स्टाइलिंग टूल्स से बनाएं दूरी

सर्दियों समेत हर मौसम में कर्लिंग आयरन, स्ट्रेटनिंग आयरन या ब्लो हेयर ड्रायर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम करना चाहिए। ये उपकरण बालों को नाजुक करने के साथ-साथ कई समस्याओं से घेर सकते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल न करें और अगर इस्तेमाल करना जरूरी है तो इससे पहले अपने बालों पर हीट प्रोटेक्टिव स्प्रे लगा लें। यह बालों को इन उपकरणों की हीट से कुछ हद तक बचा सकता है।

### डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क करें इस्तेमाल

सर्दियों में बालों को तरह-तरह की समस्याओं से सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क का भी इस्तेमाल करते रहें। बेहतर होगा कि आप हफ्ते में एक-दो बार ऑयल बेस्ड हेयर मास्क का इस्तेमाल करें और इसे लगाने के 10-15 मिनट के बाद अपने बालों को धोएं। फिर बालों को प्राकृतिक तरीके से सुखाएं। यह तरीका बालों को अधिक मजबूत बनाकर उन्हें टूटने से भी रोकेगा।

### सिर को ढकना है फायदेमंद

सर्दियों में ठंड के नकारात्मक प्रभावों से बालों को बचाने के लिए यह भी एक अच्छा तरीका है। जिस तरह आप बाहर निकलते समय त्वचा पर तरह-तरह के प्रोडक्ट्स लगाते हैं, ठीक उसी तरह बालों को भी बाहर निकलने से पहले किसी चीज से ढकना ना भूलें। इसके लिए आप हेयर स्कार्फ से लेकर टोपी आदि की मदद ले सकते हैं। यह ना सिर्फ एक शील्ड की तरह काम करेंगे, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देंगे।



# सर्दियों में डिहाइड्रेशन से दूर रखने में मदद करेंगे ये पेय

## जरूर करें इनका सेवन

सर्दियां आते ही लोग पानी का सेवन करना कम कर देते हैं। उनका मानना होता है कि जितना पानी पीएंगे, उतनी बार कंबल से निकलकर बाथरूम जाना पड़ेगा। हालांकि, ऐसा करना गलत है। आपका यह आलस शरीर को डिहाइड्रेट करके कई समस्याओं से घेर सकता है और इससे त्वचा भी प्रभावित होने लगती है। आइए आज पांच ऐसे पेय के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करके आप खुद को हाइड्रेट और स्वस्थ रख सकते हैं।


**सूप:-** सर्दियों में गरमागरम सूप का सेवन ना सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखने समेत गर्माहट का अहसास दिला सकता है, बल्कि इसमें डालने वाली सामग्रियां इसे समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बनाती हैं। यह सर्दियों का एक आरामदायक पेय है और आप इसका सेवन दिन के किसी भी समय पर कर सकते हैं। हालांकि, अगर आपको सूप बनाना नहीं आता है तो आप ये रेसिपी ट्राई कर सकते हैं।

**ग्रीन जूस:-** पालक, एवोकाडो, मौसमी और अमरूद आदि से बनाया जाने वाला ग्रीन जूस न सिर्फ हमारी दैनिक हाइड्रेशन की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है, बल्कि शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान कर सकता है। ग्रीन जूस से मिलने वाला हाइड्रेशन और पोषक तत्वों से आपकी त्वचा का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सकता है। इस आधार पर रोजाना एक गिलास ग्रीन जूस का सेवन जरूर करें।

**हर्बल चाय:-** हर्बल चाय को बनाने के लिए जड़ी-बूटियों, बीजों, फलों या जड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इससे बनाने की तरीका बिल्कुल चाय की तरह होता है। हर्बल चाय में अन्य चायों की तुलना में उच्च एंटी-ऑक्सीडेंट और कैफीन की मात्रा कम होती है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद कर सकते हैं। सर्दियों में कैमोमाइल चाय, गुड़हल की चाय या फिर अदरक की चाय का सेवन करना सबसे अच्छा है।

**हल्दी वाला दूध:-** हल्दी वाले दूध का सेवन आपको ना सिर्फ सर्दियों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रख सकता है बल्कि शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सहायक हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह पेय शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी को ठीक कर सकता है। इसे बनाने के लिए एक गिलास गरम दूध में थोड़ा हल्दी पाउडर मिलाकर उबाल दिलाएं, फिर इसमें चीनी मिलाएं और इस मिश्रण को छानकर गिलास में डालें। अब इस पेय का सेवन करें।

**मिंट जिंजर लेमनेड:-** यह लेमनेड स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका सेवन आप सर्दियों में बार-बार करना पसंद करेंगे। अच्छी बात है कि यह पेय शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सक्षम है। इसे बनाने के लिए एक जार में थोड़ा पुदीने का पेस्ट, अदरक का रस और नींबू का रस निचोड़ें। इसके बाद इसमें पानी डालकर इसे अच्छे से मिलाएं। फिर इसमें शुगर सिरप और कुछ पुदीने की पत्तियां डालकर इसका सेवन करें।



# दिनेश विजन के साथ हॉरर कामेडी फिल्म ला रहे आयुष्मान, सामंथा बन सकती हैं जोड़ीदार

अभिनेता आयुष्मान खुराना लीक से हटकर फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। वह एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उनकी कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। अब उन्होंने दिनेश विजन की एक फिल्म साइन कर ली है। खुद आयुष्मान ने अपनी इस फिल्म के बारे में बातचीत की है और बताया है कि इसके जरिए वह दर्शकों को कॉमेडी का डोज देंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान और फिल्म निर्माता दिनेश साथ में एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म में आयुष्मान के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु नजर आ सकती हैं और फिल्म का नाम वैम्पायर हो सकता है। आयुष्मान ने कहा, दिनेश विजन और अमर कौशिक एक डरावनी फिल्म बना रहे हैं, जो बहुत ही रोचक और पेचीदा होगी। यह भारतीय दर्शकों के लिए एकदम नई फिल्म होगी। हम जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

रिपोर्टों के मुताबिक, वैम्पायर राजस्थान की एक लोककथा पर आधारित होगी, जिसमें आयुष्मान पिशाच की भूमिका निभाएंगे और सामंथा एक राजकुमारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक तो फिल्म में दोनों की जोड़ी पहली बार दर्शकों को देखने को मिलेगी और दूसरा आयुष्मान को पहली बार किसी ऐसी भूमिका में देखना दिलचस्प होगा। दिनेश और अमर कौशिक इससे पहले भी इसी तरह की स्त्री, रूही और भेड़िया जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।

2008 में आई फिल्म भूतनाथ ने हॉरर के मायने बदल दिए। इसमें पहली बार भूत को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया था। भूल भुलैया, नानू की जानू, गो गोवा गॉन और गोलमाल अगेन जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को डराने के साथ-साथ हंसाया है। आयुष्मान को पिछली बार फिल्म डॉक्टर जी में देखा गया, लेकिन उनकी यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई। आयुष्मान की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह एन एक्शन हीरो को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। यह फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इसके अलावा आयुष्मान फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से जुड़े हैं।

# रेड डीपनेक ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिखीं नेहा मलिक

## एक्ट्रेस की बोल्डनेस ने यूजर्स को बनाया लट्टू

हॉट एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने सेक्सी लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर हॉटनेस का तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग आउटफिट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उनकी हर तस्वीरों पर फैंस हमेशा अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने किलर लुक्स में हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक ने रेड कलर की डीप नेक ड्रेस पहन कर बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हॉट ड्रेस पहने हुए सिजलिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक जुल्फे सवारती हुई बेहद हसीन लग रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों सोशल मीडिया पर बोल्डनेस से लाइमलाइट बटौर रही हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 3.4 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।



### भूमि पेडनेकर ने साझा किया

# 'गोविंदा नाम मेरा' में अपने किरदार का अनुभव



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म गोविंदा नाम मेरा, एक कॉमिक थ्रिलर में अपने अविश्वसनीय अभिनय और डायलॉग डिलीवरी के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने एक खास अनुभव साझा किया है। भूमि ने कहा, मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि फिल्म निर्माता महसूस कर सकते हैं कि मैं वास्तव में कड़ी मेहनत कर सकती हूं और किसी भी भूमिका को पूरा करने की कोशिश कर सकती हूं जो वे मुझे प्रदान करते हैं।

मेरे लिए यह मेरे काम और एक कलाकार के रूप में मेरे कौशल के लिए सबसे बड़ी मान्यता है।गोविंदा नाम मेरा में मेरा किरदार है कि मैं फिर से कुछ अलग करने की कोशिश कर रही हूं, हर फिल्म के साथ इसे फिर से बदलने की कोशिश कर रही हूं और उम्मीद है कि अपने प्रदर्शन से लोगों को प्रभावित करूंगी।

उन्होंने आगे कहा, मुझे एक सांचे में ढाले जाने से नफरत है और मैं लगातार यथास्थिति को चुनौती देने और कुछ अलग करने के लिए देखती हूं। मुझे खुशी है कि दर्शक ट्रेलर में मेरे चरित्र को पसंद कर रहे हैं। यह सिर्फ एक टीस है कि फिल्म में क्या उम्मीद की जाए।यह फिल्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।

शशांक खेतान द्वारा निर्देशित, गोविंदा नाम मेरा एक आकर्षक गोविंदा वाघमारे के बारे में है, जो अराजकता, भ्रम और हँसी की इस खुराक में अपनी पत्नी और अपनी प्रेमिका के बीच अपने समय और प्यार की बाजीगरी करता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, भूमि के पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइन है - अफवाह, भीड़, लेडी किलर और मेरे पति की बीवी।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने अमृत सरोवर तर्रा का किया निरीक्षण

**रायपुर ।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तर्रा के सबसे बड़े तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किए जा रहे विकास कार्य एवं स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाब के मेड पर पौधे लगाए तथा झंडा फहराने तालाब के मेड़ पर उपयुक्त स्थल का चयन कर उस जगह पर पेवर ब्लॉक लगाये जाना सुनिश्चित करें तथा आस-पास की सफाई का विषेश दें। कलेक्टर ने कहा कि अमृत सरोवर के निर्माण कार्य निर्धारित कार्य योजना के तहत पूरी कराएं। उन्होंने नये पचरी निर्माण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पंच-सरपंच एवं ग्रामीणों से उनकी समस्याएं भी सुनी तथा यथासंभव समस्या के समाधान के लिए आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा एवं जनपद पंचायत अभनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के. वर्मा भी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग में संविदा भर्ती: पांच प्रकार के पदों का कौशल परीक्षा 26 और 27 को

**कोरबा ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 31 संवर्गो के रिक्त 157 संविदा पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इनमें से पांच प्रकार के पदों के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन 26 और 27 नवंबर को किया जाएगा। कौशल परीक्षा लाइवली हुड कॉलेज आईटीआई रामपुर कोरबा में आयोजित की जाएगी। 26 नवंबर को जिला प्रबंधक डाटा, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट, एनएमएचपी, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट, एनएचएम एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट , एनयूएचएम पदों के लिए कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 27 नवंबर को जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट पीएडी, एनएचएम पद के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी। सीएमएचओ ने बताया की विज्ञापित एक पद के विरुद्ध 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में शामिल किया जा रहा है। सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सूचना पटल एवं जिला कोरबा के वेबसाइट में प्रकाशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया कृष्ण कुंज का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त खेल सामग्री, खिलाड़ियों को वितरित की**

**वृक्षारोपण को जन-जन से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में सार्थक साबित होंगे कृष्ण कुंज**




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव नगरीय निकाय में बनाए गए कृष्ण कुंज का लोकार्पण किया और कपूर का पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने यहां श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त खेल सामग्री, हॉकी स्टिक खिलाड़ियों को वितरित की । साथ ही उन्होंने 5 महिलाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की। इस मौके पर खिलाड़ियों से बात कर मुख्यमंत्री ने उनका हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए तन और मन से खेलने कहा। संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे।



राज्य शासन द्वारा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कृष्ण कुंज विकसित करने की पहल की गई है। पर्यावरण को सहेजने, पेड़ों को बचाने और आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण और पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृष्ण कुंज स्थापित किए जा रहे हैं । कृष्ण कुंज नगरीय क्षेत्रो में स्थापित किए जा रहे हैं, जहां बरगद ,पीपल,कदम,आम,इमली ,बेर ,जामुन ,गंगा बेर, शहतूत ,चिरौंजी, नीम, गूलर,पलाश ,अमरुद ,सीताफल, बेल जैसे अनेकों महत्व के पेड़ रोपण करने की कार्य योजना है।

# जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण में निरंतर समुद्री जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशन का उद्घाटन

**निरंतरता में अग्रणी भूमिका निभाने में सहायक विद्युत चालित पर्यावरण निगरानी वाहन की शुरूआत की गई**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। भारत में सर्वश्रेष्ठ कामकाज करने वाले जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए) में आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से निरंतर समुद्री जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएम डब्लूक्यूएमएस) का विकास किया गया है। इसके साथ ही विद्युत चालित पर्यावरण निगरानी वाहन (ईवी) की शुरूआत 21 नवंबर, 2022 को की गई। निगरानी स्टेशन और वाहन का उद्घाटन जेएनपीए के अध्यक्ष संजय सेठी, आईएएस ने जेएनपीए के उपाध्यक्ष उन्मेष शरद वाघ तथा जेएनपीए के सभी विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में किया।**



इस अवसर पर श्री संजय सेठी ने कहा, जेएनपीए निरतंरता प्राप्त करने और व्यापार के लिये मूल्य रचना के लिये प्रतिबद्ध है, जो आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरण मानकों में परिलक्षित होता है। जेएनपीए सदैव पर्यावरण के मद्देनजर जिम्मेदार बंदरगाह बने रहने के लिये प्रयास करता रहता है। निरंतर समुद्री जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशन और ई-वाहनों की शुरूआत सतत विकास के प्रति संकल्प की एक पहल है।

निरंतर जल गुणवत्ता प्रणाली और विद्युत चालित निगरानी वाहन के जरिये बंदरगाह क्षेत्र में समुद्री जल और वायु की गुणवत्ता प्रबंधन में सहायता मिलेगी तथा बंदरगाह क्षेत्र के भीतर पर्यावरण की गुणवत्ता को दुरुस्त रखा जायेगा। इस तरह जेएनपीए वाहनों से निकलने वाली ग्रीन-हाउस गैस को कम करने में सक्षम होगा। इसके अलावा बंदरगाह सम्पदा के आसपास पर्यावरण गुणवत्ता के पालन की निगरानी भी संभव होगी। यह कार्य जल गुणवत्ता स्टेशन के आंकड़ों, पानी के तापमान, पीएच, घुली हुई ऑक्सीजन, अमोनिया, कंडक्टीविटी, नाइट्रेट, खारेपन, पानी का गदलापन, समुद्री जल का टीडीएस आदि के जरिये पूरा किया जायेगा। समुद्री जल का टीडीएस समुद्री जल की गुणवत्ता सम्बंधी डेटाबेस पर आधारित होता है। यह समुद्री पर्यावरण में स्वच्छता मानकों को बनाये रखने के लिये जरूरी है। ई-वाहनो से भी जेएनपीए में मौजूदा वायु और कोलाहल के स्तर की निगरानी की जायेगी।

जेएनपीए ने पर्यावरण को उन्नत बनाने और ग्रीन पोर्ट पहलों के लिये कई काम शुरू किये हैं। इन कामों में सीवर उपचार संयंत्र, निरंतर वातावरणीय वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन, समग्र ठोस कचरा प्रबंधन सुविधा, एलईडी बल्बों को बंदरगाह क्षेत्र तथा टाउनशिप में लगाना, ई-आरटीजीसीएस, तटीय बिजली आपूर्ति, शेवा मंदिर और जेएनपीए शेवा पहाड़ की तलहटी के निकट जलस्रोतों को दोबारा जीवित करना, केंद्रीयकृत पार्किंग प्लाजा में सुगम यातायात की पहल, मैनग्रोव प्रबंधन, तेल बहने की स्थिति को रोकना, आदि सहित बंदरगाह में हरित आवरण शामिल हैं।

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ने 4.10 एमडब्लूपी के सौर पैनल लगाये हैं। औसतन 38 प्रतिशत बिजली की जरूरत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरी की जा रही है। बंदरगाह क्षेत्र में एलईडी बल्ब लगाकर बिजली की खपत कम करके कार्बन उत्सर्जन में कटौती लाई जा रही है।

# राजीव युवा मितान क्लब द्वारा 12 बैलगाड़ी से पैरादान किया गया




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहरा के गौठान में समिति,राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों,गांव के वरिष्ठ कृषकों का बैठक लिया गया एवं पैरादान करने प्रेरित किया गया। इस तारतम्य में आज राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों एवं ग्राम के कृषकों द्वारा पैरादान किया गया।**

राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों श्रमदान एवं स्वयं के खेतों से स्वयं के बैलगाड़ी में पैरादान किया।

परम्परागत ईंधन के उपयोग को कम करने हेतु बैलगाड़ी का प्रयोग किया गया एवं 12 गाड़ी गौठान में दान किया गया है। जनपद पंचायत सिमगा के उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने किसानों को प्रेरित करते हुए 12 बैलगाड़ी पैरादान गौठान में कराया। पैरादान कार्यक्रम में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष लोकेश साहू, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, कोषाध्यक्ष दूजेराम निषाद,सचिव अमरनाथ यदु, सदस्य खेमराज धितोड़े, सरपंच अजय अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में जिला खनिज न्यास के सदस्य सुनील माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत सीईओ अमित दुबे ने अन्य ग्राम पंचायतो के गौठान को भी रोहरा ग्राम पंचायत से प्रेरणा लेते हुए पैरादान करनें का आव्हान किया। पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी में पैरादान करने से जहां पेट्रोल,डीजल की राशि की बचत होती है। वही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। पंचायतो में नवगठित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यो को इस तरह की पहल एक अनूठा प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं।

# कबीरधाम जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता - मो. अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि एक विधायक होने नाते कबीरधाम जिले का समुचित विकास करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होने कहा कि समूचित विकास चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण क्षेत्र का हो, या जिले के बरसो पुरानी मांग हो, उन सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का इमानदारी से प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि राज्य में भूपेश सरकार बनने के बाद जिले में 90 धान खरीदी केन्द्र को बढ़ाकर 106 किया गया है।**




किसानों की हित में बैकिंग सुविधाओं को विस्तार करने हुए जिला सहकारी बैंक की 3 नवीन शाखा का शुभारंभ भी किया गया है, इससे रेंगाखार जंगल, तरेगांव जंगल सहित रबेली क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर आज अपने निर्वाचन क्षेत्र कवर्धा के एक दिवसीय प्रवास पर थे। उन्होने यह बातें अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धमकी और रक्से में नवीन धान उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होने प्रवास के दौरान ग्राम रक्सें में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि ग्राम धमकी और रक्से में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने की बरसों पुरानी मांग थी, लेकिन किसानों की मांगों को पुरा नहीं किया गया। किसानो की यह मांग आज पूरी हो गई है। उन्होने बताया कि ग्राम धमकी में नवीन उपर्जान केन्द्र खुलने से हजारां किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, इससे क्षेत्र के धमकी सहित ग्राम कुटेली, बिरूटोला, बाघुटोला, नवापारा और झलका के 1107 किसानों को लाभ मिलेगा। इसी तरह ग्राम रक्से में नवीन धान केन्द्र खुलने से क्षेत्र के ग्राम रक्से सहित नरोधी, बबई और भैसबोड़ के 993 किसानों को लाभ मिलेगा।

श्री अकबर ने संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल स्वयं किसान पुत्र है, इसलिए किसानों की सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को बहुत बारिकी से समझते है और उन समस्याओं को दूर भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कबीरधाम जिले में किसानों के हित में अनेक फैसले लिए गए है। जिले में पहले 60 प्राथमिक कृषि शाख समितियां थी,जिसे किसानों के हित में फैसले लेते हुए 30 नए समितियां का पुनर्गठन किया गया। अब जिले में 60 से बढ़कर 90 समितिया बन गई है। इसी प्रकार जिले में पहले जिले में 90 धान खरीदी केन्द्र थी, जिसे भूपेश सरकार ने बढ़ाकर आज 106 धान खरीदी केन्द्र बना दिया है। उन्होने कहा कि किसानों और क्षेत्र के समूचित विकास के लिए हमारा प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान जिले वासियों की मांगो पर मुहर लगाते हुए जिले समुचित विकास के लिए अनेक घोणाएं की है। जिसमें कवर्धा में मेडिकल कॉलेज, 6 नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, पंडरिया को नगर पंचायत से नगर पालिका बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिचाई परियोजना, बैकिंग सुविधाओं सहित अधोसंरचना के अनेक घोषणा शामिल है। इस अवसर राज्य कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री भगवान सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीला धनुक वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शरद बांगली, श्री अगम दास अनंत, श्रीमती गंगोत्री योगी, श्री गणेश योगी, श्री विजय पांडेय, राजकुमार तिवारी, पिताम्बर वर्मा, पार्षद श्री अशोक सिंह, धमकी समिति के अध्यक्ष श्री लालाराम कौशिक, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की न्याय योजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन योजनाओं में छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन श्रमिक मजदूर न्याय योजना और गौ धन न्याय योजना शामिल है। छत्तीसगढ़ सरकार देश की पहली सरकार है राज्य के भूमिहीन श्रमिको को 7 हजार रुपए देकर उसे आत्म संभल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को अपनी वायदा से बढ़कर समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद रही है।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

**// रूचि की अभिव्यक्ति //**

**क्र./ लो.क.वि.../2022/ 1950 रिसाली दिनांक 23.11.2022**

नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रांतर्गत रुआबांधा स्थिती गोबर खरिदी केन्द्र तथा एस. एल. आर.एम. सेंटर में पुर्नचक्रित किये जाने योग्य गीले कचरे से खाद तैयार किये जाने एवं रसोई में उपयोग किये जाने योग्य गैस में परिवर्तित किये जाने तथा निर्मित गैस को तालपुरी ब्लॉक-ए में स्थित निवासरत नागरिको को पाईप लाईन के माध्यम से आपूर्ति करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आंमात्रित किया जाता है। ऑफर दाता द्वारा धरोहर राशि रू. 15000.00 का एफ.डी.आर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम, रिसाली के नाम पर देय होगा जिसे कार्य से संबंधित विस्तृत कार्य योजना (डी. पी.आर.) के साथ संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना होगा।

उक्त कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी एन.जी.ओ. प्राईवेट पार्टनर्स, फर्म से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त हेतु किये गये कार्यों का अनुभव का प्रमाण पत्र विस्तृत कार्य योजना के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है। ऑफर स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 08.12.2022 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता होगा। ऑफर दिनांक 09.12.2022 को प्रातः 12.00 बजे खोला जावेगा। सशर्त ऑफर स्वीकार नहीं किया जावेगा। अन्य जानकारी नियम एवं शर्तें संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/www.risali. urbanecg.gov.in में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम
रिसाली


# कलेक्टर ने केंद्री और जवाई बांधा गौठान का अवलोकन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज अभनपुर विकासखंड अंतर्गत केंद्री और जवाईबांधा गौठान का अवलोकन किया तथा वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे आय मूलक कार्यों का भी अवलोकन किया गया। गौठान में जीवन ज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बाड़ी योजना के तहत मौंसमी सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि पिछले 2 वर्षों में सब्जी उत्पादन से लगभग 1 लाख की आमदनी भी प्राप्त हुई है। उत्पादित सब्जियों को स्थानीय बाजारों में विक्रय किया जाता है। समूह के सदस्यों ने बताया कि कॉकरेल, बायलर तथा लेयर का पालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से कहा कि व्यापार करने के हिसाब से मन लगाकर काम करने से फायदा ज्यादा होगा। आपकी सोच व्यापारिक होनी चाहिए। गौठान में समृद्धि स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा फिनाईल का निर्माण कर विक्रय किया जा रहा है। इसी प्रकार केंद्री के गौठान में बकरी पालन तथा वर्मी उत्पादन भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने वर्मी की विक्रय की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामीणों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं की समस्याएं भी सुनी तथा उसका यथासंभव निराकरण का आश्वासन भी दिया।


Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
- Gym Servicing
- Gym Equipment & Accessories Available
- Home Treadmill & Gym Service Available

Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक के खिलाफ दुर्ग पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, भोपाल में ब्रांच किया ध्वस्त, 18 आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक एप के एक बड़े ब्रांच को ध्वस्त कर दिया है। बुधवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि इस ब्रांच का संचालन भोपाल में किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए भोपाल से 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 12 लैपटॉप और 41 मोबाइल फोन जब्त किया गया है। दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि रेड्डी अन्ना एप के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक ग्रुप को भोपाल के अरेरा कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। यहां 8 आरोपियों के कब्जे से 4 लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। भोपाल के तिलक नगर में ऑनलाइन सट्टा का एक और ब्रांच ऑपरेट करने वाले 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल मिलाकर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



### पुलिस ने की थी छापेमार कार्रवाई

दुर्ग पुलिस पिछले एक सप्ताह से महादेव बुक एप और अन्ना रेड्डी एप के जरिए ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने मंगलवार को पत्रवार्ता में बताया कि अभी तक की कार्रवाई में महादेव ऐप, रेड्डी अन्ना ऑनलाइन सटोरिए पकड़ाए हैं। सोमवार को जब बिलासपुर मोकपा स्थित किराए के मकान में संचालित सट्टा के अड्डे पर टीम ने दबिश दी तो वहां एक और ऐप का नाम सुनकर पुलिस चौक गई। वहां अंबानी ऐप से ऑनलान सट्टा ऑपरेट किया जा रहा था। पुलिस की दबिश की भनक लगने पर ब्रांच मालिक विक्की भाग निकला।

### पुलिस ने इन्हें किया था गिरफ्तार

पुलिस ने सोमवार को छापा मारकर मौके से आरोपी ऋषभ ठाकुर, हिमांशु कौशल, मोहम्मद निसार, मंजिल मेघी के कब्जे से 4 लेपटॉप, 7 मोबाइल, 6 पास बुक, 7 चेक बुक, 4 एटीएम, लेखाजोखा के दो रजिस्टर को जब्त किया था। 6 पासबुक से करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। आरोपियों से महंगे मोबाइल और 90 हजार कीमत वाले लैपटॉप मिले है। आरोपी विक्की और अरबाज की पतासाजी की जा रही है।

### मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज होगा

जहां ऑनलाइन सट्टा की सूचना मिल रही है, पुलिस उनके खिलाफ4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। महादेव ऐप के ठेकेदारों पर ईडी शिकजा कस रही है। इन सबके खिलाफमनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज होगा।

## खास खबर

### लाखों रूपए का गबन करने वाला सुपरवाइजर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार (ए)।** जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते शराब दुकान के सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि गबन के प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। आडिट प्रक्रिया के दौरान राशि गबन का खुलासा हुआ था। आरोपी ने शासकीय देशी मदिरा दुकान में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करते हुए ?5,52,120 का गबन किया था।

जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को दबोचा है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम जितेन्द्र कुमार घृतलहरे पिता मन्नू लाल घृतलहरे उम्र 29 साल साकिन गदहीडीह चौकी लवन बताया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को अपराध पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

### महासमुंद में 65 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** महासमुंद पुलिस ने 13 लाख रुपये मूल्य की 65 किलोग्राम जप्त किया है और गांजा की तस्करी ओडिशा से महाराष्ट्र करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद राजिक मंसूरी पिंजारी है। पुलिस ने मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार, कोमाखान थाना क्षेत्र के टेमरी नाका में चेकिंग के दौरान आरोपी के मालवाहक को रोककर तलाशी ली और मालवाहक के अंदर 13 बोरियों में गांजा रखा मिला। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने ये गांजा उड़िसा से लिया और महाराष्ट्र के नागपुर ले जा रहा है। पुलिस ने गांजा की खेप और घटना में इस्तेमाल मालवाहक को जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## महिलाओं ने आबकारी अधिकारियों पर किया हमला, वाहन को भी तोडा

**बिलासपुर (ए)।** महुआ शराब बनाने की सूचना पाकर कार्रवाई के लिए पहुंची आबकारी की टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिलाओं के साथ मिलकर आबकारी टीम पर पत्थर बरसाए। इस बीच युवक ने आबकारी अधिकारियों पर लाठी से हमला किया। हमले के दौरान लोगों ने आबकारी टीम के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया है। आबकारी अधिकारियों की रिपोर्ट पर सीपत पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है। यह घटना सीपत क्षेत्र के ग्राम भिलमी की है। आबकारी अमले को सूचना मिली थी कि सीपत क्षेत्र के ग्राम भिलमी में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाई जा रही है। इस पर आबकारी विभाग की टीम ग्रामीण सुमीत वर्मा के ठिकाने पर दबिश दी। उसके मकान में 85 लीटर महुआ शराब मिली, अधिकारी इसे जब्त कर कार्रवाई में जुटे थे। महिलाओं ने आते ही टीम में शामिल आबकारी एसआई आनंद वर्मा, मुकेश पांडेय, रमेश दुबे, एश्वर्या मिंज, प्रधान आरक्षक जनक राम जगत, आरक्षक अनिल पांडेय, निरंजन डडसेना, कल्याण कहरा, प्रभुवन बघेल व उपेंद्र सिंह से गाली-गलौज की।

### खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

## अवैध खनिज परिवहन करते 36 वाहन जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** जांजगीर-चांपा जिले में खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते पाए गए 36 वाहनों को जप्त किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के दिशानिर्देशन में खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान जांजगीर तहसील क्षेत्र में खनिज का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खनिज रेत के 5 हाईवा एवं 4 ट्रैक्टर, खनिज मिट्टी (ईट) के 1 ट्रैक्टर, खनिज कोयला के 1 ट्रेलर एवं खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 5 ट्रेलर, 1 हाईवा, 1 ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस लाईन जांजगीर में तथा 1 हाईवा रेत को जब्त कर सिटी कोतवाली जांजगीर में सुरक्षार्थ रखा गया है।

इसी प्रकार चांपा तहसील क्षेत्र में महुदा एवं कुदरी बैराज क्षेत्र से 2 ट्रैक्टर रेत एवं 3 ट्रैक्टर निम्न श्रेणी चूनापत्थर (गिट्टी) के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर चांपा थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है। अकलतरा तहसील क्षेत्र में 1 ट्रेलर, 1 हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर (बोल्डर/जीरा/गिट्टी) के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर थाना अकलतरा में, पामगढ़ तहसील क्षेत्र में 1 हाईवा रेत एवं 3 ट्रैक्टर रेत, 01 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट) को जप्त कर थाना पामगढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है। शिवरीनारायण तहसील क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर रेत के वाहन जप्त कर थाना शिवरीनारायण में सुरक्षार्थ रखा गया है। नवागढ़ तहसील क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट), 1 ट्रैक्टर निम्न श्रेणी चूनापत्थर (गिट्टी) को जप्त कर थाना नवागढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है। 1 ट्रैक्टर मिट्टी (ईट) को कलेक्टर परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस प्रकार कुल 36 वाहनों पर कार्यवाही की गयी। सभी वाहन मालिकों, वाहनों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015, छत्तीसगढ़ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत् कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि 22 नवम्बर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व). तहसीलदार जांजगीर की टीम द्वारा भी जांजगीर क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन के 4 प्रकरण दर्ज किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर का कार्यवाही में विशेष योगदान रहा। अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही में खनिज निरीक्षक- आदित्य मानकर, प्रभारी खनिज निरीक्षक पी0डी0 जाडे, पुलिस निरीक्षक- विवेक पाण्डेय, रामकुमार जैन, उप-निरीक्षक- सनत मात्रे, अविनीश श्रीवास शामिल रहे।

## धान खरीदी केन्द्र में घोटाला, दो कर्मचारी निलंबित, चार के खिलाफ एफआईआर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के धान खरीदी केन्द्र कोरबी में धान खरीदी में अनियमितता का मामला पकड़ में आने पर दो कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिले के कलेक्टर ने शिकायत पाए जाने पर यह कार्रवाई की। यही नहीं भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए जांच दल भी बनाया गया है।

कलेक्टर जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति कोरबी में फर्जी पंजीयन की शिकायत की जांच सही पाये जाने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस.के. जोगी और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी सह ऑपरेटर विकास सिंह को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराया गया है। इस कार्य में संलिप्त पूजा अग्रवाल एवं जितेन्द्र अग्रवाल के विरूद्ध भी प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराया है।


जांजगीर-चांपा जिले में धान खरीदी में किसी भी तरह की अफरा-तफरी की रोकथाम के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में सतत् निगरानी रखी जा रही है। धान खरीदी की व्यवस्था की शिकायत से लेकर फर्जी पंजीयन, अवैध धान के विक्रय एवं अन्य गड़बड़ियों की जांच-पड़ताल के लिए अनुभाग स्तर पर चार जांच दल गठित किए गए है जो शिकायतों की जांच कर तत्परता से कार्यवाही कर रहे है। सेवा सहकारी समिति कोरबी में पाए गए अनियमितता के जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलेश नंदिनी साहू, उप पंजीयक उमेश गुप्ता, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक अश्वनी पांडेय, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा विनय पटेल शामिल थे।

### किराए के घर में भाई-बहन बनकर रहे रहे थे प्रेमी-प्रेमिका

## आपसी विवाद में प्रेमिका ने कर ली आत्महत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** किराए के घर में भाई-बहन बनकर रह रहे प्रेमी-प्रेमिका के बीच आपसी विवाद इस कदर बढ़ गया कि प्रेमिका आत्महत्या कर लिया। पीएससी की तैयारी कर रही एक युवती ने 18 नवम्बर को बसंतपुर क्षेत्र के क्लब चौक स्थित किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी थी। विवेचना के दौरान पुलिस को बता चला कि युवती ने अपने प्रेमी की प्रताडऩा से तंग आकर आत्महत्या की है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।



किराए के मकान में रह रहे थे भाई-बहन बनकरपुलिस ने बताया कि आरोपी पीयूष कुमार यादव एक युवती के साथ अपने को भाई-बहन बताकर बसंतपुर क्षेत्र के क्लब चौक में किराए के मकान में एक साथ रहते थे। युवती राजनांदगांव में पीएससी की कोचिंग कर रही थी। आरोपी पीयूष यादव युवती से प्रेम संबंध बनाकर साथ रखा था। युवती के घर वाले उसकी शादी तय कर दिए थे।

### दोनों के बीच होता था विवाद

युवती की शादी तय होने की जानकारी होने पर आरोपी प्रेमी, युवती को अपने से शादी करने का दबाव बनाकर विवाद कर परेशान कर रहा था। आरोपी के द्वारा प्रताड़ित करने पर युवती ने 18 नवम्बर को किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस इस मामले में आरोपी पीयूष कुमार यादव पिता मुरारी लाल यादव उम्र 24 साल निवासी दुगाटोला थाना मोहला को धारा 306 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# दुष्कर्म पीड़ित 9 साल की बच्ची से मां को मिलने से रोका, हाईकोर्ट पहुंची महिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** एक मां को अपनी ही बच्ची से मिलने और उसे अपने पास रखने के लिए कोर्ट में गुहार लगानी पड़ गई। अपनी 9 वर्ष की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) से वापस पाने एक मां ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया है कि आदेश की कॉपी मिलने के सात दिन के भीतर मां के प्रकरण का निराकरण करें और बच्ची की कस्टडी उसे दें।



मां ने अपनी 9 साल की बच्ची के साथ उसके पिता द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मां ने एफआईआर दर्ज कराई और अपनी अस्वस्थता को देखते हुए बच्ची को सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया। सीडब्ल्यूसी ने बच्ची को काउंसलिंग के लिए रखा। इस बीच बच्ची की मां ने अपने आपको स्वस्थ महसूस किया और सीडब्ल्यूसी से बच्ची को वापस पाना चाहा। सीडब्ल्यूसी ने मां के आवेदन को नहीं माना। इस पर बच्ची को पाने मां ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की। मंगलवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि मां के प्रकरण का 7 दिन के भीतर निराकरण करें और बच्ची की कस्टडी मां को दें।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्र. 12/तशा/(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2022

दुर्ग, दिनांक 16.11.2022

**// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र ए" में प्रतिशत दर निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 28.11.2022 शाम 5.30 बजे है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | विभागीय अधीक्षण अभियंता कार्यालय भवन का मरम्मत कार्य। | 0.98 |

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, दुर्ग (छ.ग.)**

जी-96029/2


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### अनाधिकृत विकास के प्रकरणों का निराकरण के संबंध में 14 जुलाई 2023 तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** आवासीय एवं गैर आवासीय अनधिकृत निर्माण के नियमितिकरण हेतु 14 जुलाई 2022 तक अस्तित्व में आये आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किये गये अनधिकृत निर्माण का नियमितिकरण किया जाना है। इस अधिनियम इस अधिनियम/नियम के तहत् अनधिकृत विकास करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ, दिनांक 14 जुलाई 2023 (01 वर्ष) तक नियमितिकरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, इस अवधि में 30 दिन की वृद्धि करने का अधिकार जिला कलेक्टर को दिये गये हैं। आवेदन पत्र की प्राप्ति हेतु नगर पालिक निगम क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा निवेश क्षेत्र के भीतर किन्तु स्थानीय निकाय के बाहर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, दुर्ग अधिकृत किये गये हैं। नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय निकाय के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को निर्धारित आवक पंजी में दर्ज कर, स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन, शास्ति की गणना, कर्मकार शुल्क की गणना की जाकर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के माध्यम से नियमितिकरण प्राधिकारियों की गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण किये जायेंगे।

### जवाहर चौक और इंदिरा मार्केट के दुकानों से हटाया गया अवैध निर्माण, दुर्ग निगम की कार्रवाई

**दुर्ग।** पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में निगम सतत कार्य कर रहा है, अवैध पोस्टर, पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के नेतृत्व में जवाहर चौक में दुकानों के सामने लगे होर्डिग्स बोर्ड, नाली के ऊपर अतिक्रमण एवं रोड पर सामान रखकर विक्रय करने वालों को समझाईश दी गई। इस दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा प्रशासनिक काम में बाधा डालने एवं शांति भंग करने की कोशिश की गई। निगम आयुक्त श्री लक्ष्मण तिवारी ने पुलिस को उनके विरूद्ध 107-16 लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी दुकान संचालकों और आम लोगों से यह अपील की है कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हमारा कर्तव्य है, जनता के सुगम आवागमन में इस के निर्माण से बाधा उत्पन्न होती है। आप सभी इस काम में प्रशासन की मदद करें और स्वेच्छा से इस के निर्माणों को हटाये अन्यथा निगम इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कोटपा एक्ट के तहत चलाया गया अभियान

**दुर्ग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी. मेश्राम एवं नोडल अधिकारी डॉ.आर.के. खंडेलवाल के मार्गदर्शन में आज कोटपा चालान पुलगांव क्षेत्र में किया गया।थाना- पुलगांव के सहयोग से धारा 4 में पुलगांव के सार्वजनिक स्थान बस स्टैंड, होटलों, चौक, आसपास समझाईश देने के साथ-साथ चालान किया गया। धारा 4 के तहत आसपास भी समझाईश देने के साथ-साथ कोटपा अधिनियम से संबंधित बोर्ड भी दिया गया। इस चालान की कार्यवाही में पुलगांव थाना से आरक्षक, औषधी निरिक्षक श्रीमती गायत्री पटेल व श्रीमती चंद्रकला ठाकुर, खाद्य विभाग से अजय सिंह, स्वास्थ्य विभाग से ललित कुमार साहू सभी के सहयोग से चालानी की कार्यवाही किया गया।

# नगर चौपाटी एवं राजेन्द्र पार्क का होगा कायाकल्प, फिर से शुरू होगा टॉय बोट, ओपन थिएटर का होगा अपग्रेडेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने नगर चौपाटी, राजेन्द्र पार्क, वाई शेप ब्रिज एवं बोरसी मार्केट का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर चौपाटी का निरीक्षण किया। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने नगर चौपाटी का निरीक्षण कर नगर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों, आमजनों और चौपाटी के दुकान संचालकों से चौपाटी के अपग्रेडेशन के विषय में चर्चा की। उन्होंने निगम अधिकारियों को ऑर्किटेक्ट से बात कर चौपाटी के अपग्रेडेशन हेतु प्लान बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने चौपाटी की सुंदरता बढ़ाने के लिए ओपन एयर थियेटर का अपग्रेडेशन कर व्यवस्थित लॉन का निर्माण करने, पार्क में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, बाउंड्रीवाल की मरम्मत करने, फुड स्टॉल की संख्या 30 से बढ़ाकर 150 करने, टॉय बोट लाइन की मरम्मत, पेवर ब्लॉक लगाने, पेच वर्क और हाई मास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए।



#### राजेन्द्र पार्क में बढ़ेगी जन सुविधाएं

राजेन्द्र पार्क में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पार्क में और बेहतर तरीके से प्लानटेशन एवं पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशिक्षित मालियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। जिससे नगरवासी पार्क में शांत वातावरण का अनुभव कर पाएंगे। पार्क के बाहर स्थित फूड स्टॉल्स एवं छोटे बच्चों के प्ले-जोन को कलेक्टर ने पार्क के अन्दर शिफ्ट करने को कहा, जिससे उनका रोजगार प्रभावित ना हो साथ ही नगर निगम को भी आय मिल सके। फूड जोन से होने वाले कचरे के निपटारे के लिए भी कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था के निर्देश दिए। पार्क में सभी फाउंटेन्स की मरम्मत कर नियमित शुरू करने, आगंतुकों के लिए शौचालय निर्माण करने व पार्क में व्यवस्था बनाये रखने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

#### राजेन्द्र पार्क में बढ़ेगी जन सुविधाएं

राजेन्द्र पार्क में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पार्क में और बेहतर तरीके से प्लानटेशन एवं पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशिक्षित मालियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। जिससे नगरवासी पार्क में शांत वातावरण का अनुभव कर पाएंगे। पार्क के बाहर स्थित फूड स्टॉल्स एवं छोटे बच्चों के प्ले-जोन को कलेक्टर ने पार्क के अन्दर शिफ्ट करने को कहा, जिससे उनका रोजगार प्रभावित ना हो साथ ही नगर निगम को भी आय मिल सके। फूड जोन से होने वाले कचरे के निपटारे के लिए भी कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था के निर्देश दिए। पार्क में सभी फाउंटेन्स की मरम्मत कर नियमित शुरू करने, आगंतुकों के लिए शौचालय निर्माण करने व पार्क में व्यवस्था बनाये रखने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

#### वाई शेप ब्रिज के नीचे बनेगा ऑटो रिपेयरिंग जोन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वाई शेप ब्रिज के नीचे संचालित ऑटो रिपेयरिंग शॉप की व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने निगम अधिकारियों को इसे व्यवस्थित कर ऑटो रिपेयरिंग जोन बनाने के निर्देश दिए। पानी, लाईट और शौचालय जैसे बुनियादी सुविधा का विस्तार करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

#### बोरसी में बनेगा फरुट मॉर्केट

कलेक्टर ने बोरसी मार्केट के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि मॉर्केट में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। उन्होंने बोरसी मार्केट में ठेले एवं दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बोरसी मार्केट को फरुट मॉर्केट की तरह डेवलप करने के लिए कहा। जिससे लोगों को एक ही स्थान पर सब्जी तथा फल मिल सके। मार्केट के सामने बाजार का बोर्ड लगे जिससे लोगों को फरुट बाजार के बारे में पता चल सकेगा। इस दौरान सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी, दुर्ग नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने किया बेरला के मौलीभाठा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने आज बेरला तहसील के धान उपार्जन केन्द्र मौलीभाठा में किसान कुटीर के लोकार्पण में शामिल होने पहुँचे, यहाँ उन्होने धान खरीदी की समीक्षा की एवं किसानों से चर्चा की तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना आये।

इसके पश्चात वे सेवा सहकारी समिति मौलीभाठा में किसान कुटीर का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें श्री आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा मुख्य अतिथि अध्यक्षता श्री राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, विशिष्ट अतिथि श्रीमती हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, श्रीमती भुनेश्वरी पोषण वर्मा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन, श्रीमती चंद्रिका प्रकाश वर्मा सदस्य, जनपद पंचायत बेरला, श्रीमती गीता भारत यादव सरपंच, श्रीमती दुलारी बाई समिति अध्यक्ष, गिरीश यादव समिति प्रभारी उपस्थित रहें। सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे।

इस अवसर पर आशीष छाबड़ा विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार के द्वारा धान के 2500 रु. समर्थन मूल्य करने से किसानों को लाभ पहुंचाया है, इस वर्ष 01 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है साथ ही धान का परिवहन भी शुरू हो गया है जिससे समितियों को धान खरीदी एवं किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार किसानो का हमेशा सम्मान करती है, किसानो को कर्जा माफी पहला सम्मान, किसान कुटीर किसानो के लिए बनाया गया है। किसानों को लाभ पहुंचाने आगामी वर्षो में धान खरीदी 2800 रु. प्रति क्विंटल में खरीदा जावेगा, राजीव गांधी न्याय योजना के द्वारा किसानों का सम्मान किया जा रहा है। भूमिहीन मजदूरों को मजदूर न्याय योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़िया सरकार है, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ा रही है छत्तीसगढ़ के खेलकूद को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ ओलंपिक के शुरुवात किया गया। धान उपार्जन केन्द्रों की संख्याम में वृद्धि कर कृषकों को उनके गांव के नजदीक धान बेचने की सुविधा दी जा रही है। गोधन

# दुकानों से हटाया गया अवैध निर्माण, शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने की दिशा में हो रहा कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में निगम सतत कार्य कर रहा है, अवैध पोस्टर, पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के नेतृत्व में जवाहर चौक में दुकानों के सामने लगे होर्डिग्स बोर्ड, नाली के ऊपर अतिक्रमण एवं रोड पर सामान रखकर विक्रय करने वालों को समझाईश दी गई।

इस दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा प्रशासनिक काम में बाधा डालने एवं शांति भंग करने की कोशिश की गई। निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने पुलिस को उनके विरूद्ध 107-16 लगाकर कार्रवाई



करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी दुकान संचालकों और आम लोगों से यह अपील की है कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हमारा कर्तव्य है, जनता के सुगम आवागमन में इस के निर्माण से बाधा उत्पन्न होती है। आप सभी इस काम में प्रशासन की मदद करें और स्वेच्छा से इस के निर्माणों को हटाये अन्यथा निगम इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खदान क्षेत्रों में नियतकालीन नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का पहली बार आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के राजहरा लौह अयस्क खदान समूह द्वारा सीएसआर विभाग के अंतर्गत नि:षुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन खदान समूह के गांवों में पहली बार किया जा रहा है। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के सहयोग से नियमित रूप से चलाए जाने वाले नि:षुल्क स्वास्थ्य षिविर का आयोजन 24 नवम्बर को महामाया खदान क्षेत्र में और 25 नवम्बर, 2022 को दुलकी में किया जाएगा। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होने वाले षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:षुल्क दवाएं भी प्रदान की जायेंगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा 21 गांवों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने वाले नि:षुल्क स्वास्थ्य षिविर की कड़ी में अब दल्ली राजहरा लौह अयस्क खदान समूह के क्षेत्र में भी प्रारंभ किया जा रहा है। इसके तहत पहला षिविर 24 व 25 नवम्बर, 2022 को महामाया एवं दुलकी में आयोजित है। दुलकी के 4 गांव और महामाया खदान के 7 गांव की जनता को इन षिविरों का लाभ मिलेगा। इस षिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का भी वितरण करेंगे। इस षिविर में कोई भी गंभीर प्रकरण सामने आता है तो उस रोगी के इलाज हेतु समुचित प्रयास किये जायेंगे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:षुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसी कड़ी में खदान क्षेत्रों में यह सुविधा पहली बार प्रारंभ की जा रही है। यह षिविर इन क्षेत्रों में नियतकालीन होगा। माह में एक बार षिविर आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

# आयुक्त का पदभार ग्रहण करते ही शहर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे आईएएस लक्ष्मण तिवारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के चलते शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और बाहरी तथा आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ अल सुबह निरीक्षण करने वार्डो में पहुँचे। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम आयुक्त ने शहर के 23,24 एवं 25 वार्डों का भ्रमण कर स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने शहर के मुख्य सड़कों का निरीक्षण किया गुरुद्वारा रोड पर सहित वार्डो के अंदुरुनी



क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नाली की सफाई वय व्यवस्था देखी।उन्होंने भ्रमण के दौरान सुपर वाइजर को सख्त चेतावनी दिए कि वर्किंग समय मे फ़ोटो ग्रुप में शेयर करने को कहा।सड़क किनारे से बिल्डिंग मटेरियल को हटवाने के निर्देश दिए।आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने क्षेत्र के सभी बाहरी तथा आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ हो निरीक्षण के दौरान उन्होंने किराना दुकान में शंकर व चावल लेने ग्राहक बनकर दुकान पहुँचे निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी,दुकानों में पॉलीथिन यूज़ नही करने की समझाइस दी गई।उसके बाद उन्होंने अन्य जगहों तक किए जा रहे सफाई कार्यो का भी निरीक्षण किया।उन्होंने स्वंय खड़े रहकर साफ सफाई करवाई।निगम द्वारा।जिसका निगम आयुक्त 2 दोनों से लगातार शहर का दौरा कर जायजा ले रहे है। जिसमें आयुक्त द्वारा नाले का भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा चौक चौराहों पर भी निरीक्षण किया और इसके संबंध में वहां के लोगों से वार्ता भी की और स्थिति का जायजा भी लिया।कहा जिस तरह से हम अपने घर को स्वच्छ रखने में प्रबंधन करते है और जिम्मेदारी से काम करते है।

### छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा ने किया छात्रावासों का निरीक्षण, कहा

# निर्माण में गुणवत्ता का रखें ध्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त आर.एन.वर्मा ने आज दुर्ग जिले के छात्रावासों का दौरा किया एवं साथ ही निर्माणाधीन छात्रावास को देखा। वर्मा ने अधिकारियों को निर्माणाधीन छात्रावास को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं साथ ही गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की बात कही।



वहीं वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आर.एन. वर्मा द्वारा महिला ओबीसी छात्रावास नेहरू नगर भिलाई एवं प्रोफेसर कॉलोनी कातुल बोर्ड रोड भिलाई पिछड़ा वर्ग छात्रावास पुरुष का निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्री वर्मा दुर्ग के प्रयास हॉस्टल गए एवं वहां की व्यवस्था का निरिक्षण किया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक से प्रयास में रह रहे अध्ययनरत छात्रों के दिनचर्या उनके खान पान और शिक्षा की जानकारी ली। बालिका छात्रावास में सुरक्षा और स्वास्थ्य वातावरण निर्मित रहे इसके लिए उन्होंने अधीक्षक को सतत निगरानी रखने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रयास छात्रावास में संचालित किचन की व्यवस्था देखी और जरुरी निर्देश दिए।

आर.एन. वर्मा के साथ निरीक्षण के दौरान श्रीमती अनीता डीकाटे अनुसंधान अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, प्रियंवदा रामटेके सहायक आयुक्त आदिवासी कल्याण विकास विभाग दुर्ग, धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग नगर निगम, गया पटेल, राजेश यादव जी सभापति नगर निगम दुर्ग, सैय्यद अनीस रज़ा, बृजमोहन तिवारी, निखिल खिचारिया आदित्य नवरंग मिर्ज़ा शिब्बू एंव छात्रवास निरीक्षक विकास चंद्राकर भवना पांडे, ओपी साहनी छात्रावास प्रभारी आशीष गुप्ता प्रयास लवकुमार वर्मा निरक्षक उपस्थित रहे।

#### शब्द औषधि का काम करता है

प्रयास होस्टल में निरीक्षण के दौरान वर्मा ने कहा कि शब्दों का जीवन में बड़ा महत्व होता है आपके कहे शब्द घाव का काम करते है तो औषधि का भी काम करते हैं। आपके द्वारा कहे हुए शब्द ऐसे होने चाहिए जो किसी की पीड़ा को दूर कर दे प्यार से कहे शब्द बड़े से बड़े कष्ट को दूर कर देते हैं किन्तु नफ़रत से कहे शब्द सिर्फ पीड़ा और द्वेष ही उत्पन्न करते है। उन्होंने छात्राओं से मीठे और औषधि युक्त शब्द को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

# रिटायर कर्मियों का अनुभव हमारी पूंजी: परगनिहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट कर्मियों की सहकारी संस्था बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर माह अक्टूबर 2022 में सेवानिवृत्त अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी में हुए एक कार्यक्रम में 1985 से 1999 के बीच बीएसपी की सेवा से जुड़े इन कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर दी गई।

समारोह में रिटायर सदस्यों की दीर्घ सेवा का सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि हमारे सभी सहकर्मी सेवानिवृत्ति के बाद भी वृहद इस्पाती परिवार के सदस्य हैं और इन वरिष्ठ साथियों ने जो अनुभव हासिल किया है, वह हमारी



इस्पात बिरादरी की सबसे बड़ी पूंजी है।

सम्मान समारोह में उपस्थित माह अक्टूबर में रिटायर होने वाले इन कर्मियों में पावर सिस्टम से आरएस वर्मा, प्लेट मिल से हीराराम साहू, जनरल इस्टैब्लिशमेंट से जी. आनंदराव, मेडिकल से मंगतूराम, ब्लास्ट फर्नेस से शरदचंद्र पंडाग्रे, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से डीआर देवांगन, सीआरएम (ई) से शिव कुमार साव, मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन-2 से केदार राम साहू, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से मुन्नालाल यादव, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 से सुरेश कुमार माकोड़े, चुम्मन लाल देवांगन, बीबी परगनिहा व राजीव भूषण देव, ब्लास्ट फर्नेस से विष्णु प्रसाद वर्मा, मटेरियल रिकवरी विभाग से एम. गोपाल राव, ओर हैंडलिंग प्लांट से माखनलाल, सीएएस एंड सीडब्ल्यूपी से के. दास गुप्ता, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से गणेश राम चौहान, रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग-1 से प्रदीप ज्योतिष, पीईएम से दिनेश कुमार मानकर, एसीडब्ल्यूई से रामनाथ सहारे व इंद्र कुमार और स्लैग ग्रेन्यूलेशन प्लांट से पतिराम ठाकुर शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950